

सूर्योदय प्रातः 5:03 | सूर्यास्त संध्या 6:37 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. एकादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 38° न्यूनतम 27°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 17 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 124, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,992.77 | 181.87 (0.24%) |
| निफ्टी | 23,465.60 | 66.70 (0.29%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,500.00 |
| चांदी | 910.00 |

# घर-घर पहुंच रहीं सरकार की योजनाएं : चम्पाई सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- राजनगर में कभी सुखाड़ की स्थिति उपन्न नहीं होगी, 12 महीने हर खेत में होगा पानी
- बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को कर रहे मजबूत
- राज्य सरकार जल्द घरेलू उपभोक्ताओं को नि:शुल्क 200 यूनिट बिजली प्रदान करने जा रही
- अबुआ आवास योजना के माध्यम से हर गरीब का होगा अपना आशियाना, आवास आवंटन में गड़बड़ी पायी जाने पर होगी कार्रवाई



- मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का किया वितरण
- मुख्यमंत्री ने आयोजित समारोह में लगभग 16709.805 लाख रुपये की 160 योजनाओं का शिलान्यास और 7000.759 लाख रुपये योजनाओं का किया उद्घाटन, लाभुकों के बीच लगभग 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपये की बांटी परिसम्पत्ति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन रविवार को सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनायेंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हर सम्भव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरन्तर किये जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरें, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई ● शेष पृष्ठ 11 पर

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : गंगा दशहरा अर्थात गंगा अवतरण दिवस के अवसर पर रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम स्थल पर डुबकी लगा पुण्य अर्जित किया। सुबह से श्रद्धालुओं के संगम तट आने का क्रम जारी हो गया था। चिलचिलाती धूप और 46 डिग्री तापमान की परवाह किये बिना श्रद्धालुओं ने संगम स्थल पहुंच पवित्र स्नान कर श्री बड़े हनुमानजी मंदिर, भगवान शिव और भगवान श्रीराम जानकी मंदिर में दर्शन कर पूजन अर्चन किया। संगम पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते अधिकांश मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। जाम की स्थिति को ● शेष पृष्ठ 11 पर



## गंगा दशहरा पर भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार, शीश पर धारण करायी गयीं मां गंगा

**उज्जैन** : गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल के शीश पर मां गंगा को धारण कराया गया। साथ ही, मोगरे का हार अर्पित कर पगड़ी पहनायी गयी। भगवान महाकाल के इस दिव्य रूप के सैकड़ों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## ईवीएम फिर बनी मुद्दा बहस शुरू

**नयी दिल्ली** : एक्स सोशल मीडिया के मालिक के एक ट्वीट और एक समाचार ने रविवार को एक बार फिर इंटरनेट पर ईवीएम पर बहस शुरू कर दी है। नतीजों के बाद अस्थायी तौर पर मुद्दों की दौड़ में पीछे जाने के बाद ईवीएम फिर से मुद्दा बन कर आगे आ गया है। सोशल मीडिया 'एक्स' सहित अनेक नामचीन कम्पनियों के मालिक एलोन मस्क ने 'एक्स' पर एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने कहा है, 'हमें ईवीएम को पूरी तरह से हटा देना चाहिए। इसे मानव या एआई द्वारा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## संसद परिसर में लगी महापुरुषों की प्रतिमाएं हटाने का मुद्दा उठायेगा इंडिया गठबंधन

- सांसद थरुर बोले : समिति की अनुपस्थिति में इन मामलों पर फैसले कौन ले रहा है?

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : संसद परिसर में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं उनके स्थान से हटा कर दूसरे स्थान पर ले जाने से जुड़े मुद्दे को 'इंडिया' गठबंधन संसद के आगामी सत्र में उठायेगा। यह बात कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर के एक पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए दी। संसद सत्र आगामी 24 जून से शुरू होगा और यह 18वीं लोकसभा की पहली बैठक होगी। जानकारी के मुताबिक सांसद शशि थरूर ने कहा कि संविधान में संसद कार्यपालिका के समान ही एक सम्प्रभु अंग है। यह सदस्यों की सम्पत्ति है। संसद में प्रतिमाओं और चित्रों से ● शेष पृष्ठ 11 पर

**एक झलक**

## मणिपुर में 3 .5 तीव्रता का भूकंप

**इंफाल** : मणिपुर के कांगपोकपी इलाके में रविवार की दोपहर बाद 3 .5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और लोगों में दहशत फैल गई। मणिपुर के कांगपोकपी में रविवार को 13 बजकर 21 मिनट 30 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3 .5 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र जमीन में 25 किलोमीटर नीचे और भूकंप का एपीक सेंटर 24 .99 उत्तरी अक्षांश तथा 93 .96 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

## अनियंत्रित कार खाई में गिरी, चार की मौत

**देहरादून** : उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरा गया। उसमें सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मणिकांत मिश्रा ने बताया कि रविवार सुबह खिर्सू चौबट्टा के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना देते हुए रेस्क्यू को टीम की मांग की गई। इस पर एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन स्विफ्ट कार में सात लोग सवार थे जो किसी बारात में शामिल होने जा रहे थे।

## महाराष्ट्र विस चुनाव में बदलेंगे हालात

**मुंबई** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एपी) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में हालात बदलेंगे और एनडीए को बहुमत मिलेगा। पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में 90 सीटों पर सहयोगी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पटेल ने कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की है। प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम 57 सीटों पर जीते थे। इसी आधार पर हम विधानसभा चुनाव में 85 से 90 सीटें मांगने जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे विरुद्ध झूठा प्रचार किया गया, लेकिन इसका जवाब देने में हम कमजोर पड़े।

# जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के सफाये में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी सरकार : शाह



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर रविवार को नयी दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गयीं सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है, लेकिन हम ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अमिताभ ने फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन पर विशेष कवर व पांच रुपये का टिकट जारी करने पर जतायी खुशी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारतीय सिनेमा जगत के मशहूर अभिनेता और हेरिटेज फिल्म फेडरेशन के राजदूत अमिताभ बच्चन ने फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के दसवीं वर्षगांठ पर भारतीय डाक विभाग की ओर से मुंबई के ऐतिहासिक वीटी डाकघर में विशेष कवर और पांच रुपये का टिकट जारी किये जाने पर खुशी जाहिर की है और फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक शिवेन्द्र सिंह डूंगरपुर और उनकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सिने कलाकार अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल हैंडल एक्स पर लिखा है कि फाउंडेशन के लिए यह अविश्वसनीय सम्मान की बात है कि भारतीय डाक विभाग ने हेरिटेज फिल्म फेडरेशन द्वारा भारत की फिल्म विरासत को संरक्षित करने के लिए किये जा रहे अथक प्रयासों के सम्मान में एक विशेष डाक कवर जारी किया है। अमिताभ ने कहा है कि मुझे एक ऐसे संगठन हेरिटेज फिल्म फेडरेशन का राजदूत होने पर बहुत गर्व है, जो भविष्य की पीढ़ियों के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## संविधान पर न खतरा था, न होगा : आरिफ

**बुलंदशहर** : केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि संविधान न कभी खतरे में था और न कभी होगा। भारत में कानून का शासन है और यह भारत की हजारों साल पुरानी परम्परा है। रविवार को अपने पैतृक जिला बुलंदशहर पहुंचे आरिफ मोहम्मद खान ने यहां कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी गठबंधन की तरफ से संविधान के खतरे में होने का डर दिखाये जाने की बात पर कहा कि संविधान में समय-समय पर संशोधन होते रहे हैं और संविधान का जो मूल ढांचा है, उसकी अपनी एक पवित्रता है।

# बकरीद आज, हर ओर त्योहार की उमंग

**सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम**




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्यभर में सोमवार को बकरीद मनायी जा रही है। त्योहार को लेकर सूबे में हर तरफ खुशी का माहौल है। मुसलमान भाइयों ने त्योहार को लेकर जम कर खरीदारी की। बकरे की खूब खरीदारी हुई है। वहीं, दूसरी ओर, बकरीद को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि 4900 पुलिस बल, छह कम्पनी रैपिड एक्शन पुलिस, पांच कम्पनी सीआरपीएफ, एक कम्पनी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा 5000 होमगार्ड जवानों की अतिरिक्त तैनाती विभिन्न जिलों में की गयी है। इसके अलावा सभी जोन के आईजी और डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है।

डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी किया है। राज्य भर के थानों में साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थान चिह्नित किये गये हैं। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग व गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है, इन जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स को लगाया गया है।

पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी जिले के एसपी को बकरीद के दौरान जवानों की प्रतिनियुक्ति सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ आवश्यकतानुसार स्थानों पर करने को कहा गया है। संवेदनशील इलाकों में दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन सहित अन्य उपकरण के साथ जवान तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी उपद्रवी तत्त्वों पर निगरानी रखी जायेगी। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने को कहा गया है।

वहीं, दूसरी ओर राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर राजधानी रांची में लगभग 3000 जवानों की तैनाती की गयी है।



## एक झलक

### जलवायु परिवर्तन के संबंध में भारत के लक्ष्य होंगे दुनिया के लिए वरदान : जयन्त सिन्हा



**गोला (रामगढ़)** : हम सभी अवगत हैं कि आज भारत समेत पूरे विश्व के लिए जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस दिशा में दुनिया भर में अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। इस संबंध में हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विश्व भर के अनेक जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के संबंध में कई आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत संवाद किया गया। जयंत सिन्हा ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अपने सुझावों, कार्यों व रिपोर्टों से लगातार विशेष योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत भी जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है। इसके लिये हमें ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने की बेहद जरूरत है। हमें भारत में विदेशों से निवेश बढ़ाना होगा ताकि हम पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने भारत के लिए जलवायु परिवर्तन के संबंध में जो लक्ष्य रखे हैं, वो दुनिया के लिए आने वाले समय में वरदान साबित होंगे।

### बकरीद पर्व को लेकर बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक




**बुढ़मू** : बकरीद पर्व को लेकर बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में पर्व शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया. लोगों को अफवाहों से दूर रहने की बात कही गई और सोशल मिडिया में आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की नसीहत दी गई. आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कही. बैठक की अध्यक्षता रामजी कुमार एवं संचालन सज्जाद अहमद ने किया. मौके पर उपप्रमुख हरदेव साहू, जाकिर हुसैन,ईदू खान, बबलू साहू, दिपक साहू, रवि कुमार, शुभम सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### बेड़ो में लू लगने से गाय की मौत, मुआवजा की मांग

**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित है। जहां प्रखंड के बोदा गांव में रविवार की शाम लगभग पांच बजे इलाज रत शांति बारला की एक दुधारू गाय की मौत हो गई। शांति बारला के पुत्र दशरथ ने बताया कि उसकी मां शनिवार को गाय को चराने के बाद वापस अपने घर ला कर बांध दी थी। जो रविवार को सुस्त हो गई थी जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। मां व बेटा ने आशंका जताई है कि उनके गाय को लू लगने से ही मौत हो गई। इधर गाय के मर जाने मां बेटा को रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई। इधर पीड़ित ने आपदा प्रबंधन के तहत अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग किया है।

### बेड़ो में तीन जून पड़हा जतरा की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**बेड़ो** : प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़ाहा जतरा मैदान में रविवार को12 व 21पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष बंधना उरांव के अध्यक्षता में तीन जून पड़हा जतरा समारोह पड़हा संचालन समिति एवं केंद्रीय पड़हा संचालन समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गहन विचार विमर्श कर पड़हा जतरा को और भी भव्य तरीका से मनाने का निर्णय लिया गया।
इस बैठक में पाड़हा जतरा समारोह में हुए आय व्यय पर चर्चा किया गया। पड़हा जतरा की विरासत परंपरा व संस्कृति के प्रतीक चिन्ह घोड़ा हाथी, रंपा चंपा, टेंगरा छाता,खोड़हा नृत्य दल को बचा कर रखने पर भी चर्चा किया गया।

## जेल अदालत का सफल आयोजन

# 02 मामलों को का हुआ निस्पादन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कमलेश बेहरा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के अध्यक्षता में किया गया। विभिन्न माननीय न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में संसीमित 02 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। 02 बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया जिसकी विवरणी निम्नवत है-
1 ओसामा अंसारी उर्फ नटराजन पे0-मो0 मकबुल अंसारी उर्फ मकबुल हाफिज 2 मो0 नौशाद अंसारी उर्फ सोनू पे0- नसीम आलम उक्त अवसर पर कमलेश बेहरा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, सार्थक शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रांची, कारापाल, सहायक कारापाल काराकर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची, एवं एल.ए.डी.सी.-सह-जेल भिजिटर तथा न्यायालयकर्मी, तथा बंदीगण उपस्थित थें। जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में राजेश कमार सिन्हा, डिप्टी एल.ए.डी.सी. ने बंदियो को लीगल एड क्लिनिक के बारे में एवं श्री सौरभ पाण्डेय एल.ए.डी.सी. सदस्य द्वारा बंदियों को जमानतदार भरने के संबंध में जानकारी दी गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची, द्वारा बंदियों के समस्या को सुना गया एवं बंदियों से आवेदन लेकर उक्त समस्या का तुरंत निराकरण हेतु उपस्थित एल.ए.डी.सी. एवं सदस्यों को निर्देशित किया गया।

## पतरातू में गंगा दशहरा नदी पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**पतरातू** : दक्षिण झारखंड संभाग रामगढ़ अंचल पतरातु एवं भुरकुण्डा संच का गंगा दशहरा नदी पूजन कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। पंच बहिनी मंदिर के निकट पतरातु डेम की नलकारी नदी पर आचार्य सह पतरातु संच समिति अध्यक्ष जय नंदन शर्मा, सचिव किशोर कुमार महतो, महिला संच समिति सचिव अनिता जैन के सहयोग से नदी पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। बताया गया कि एकल अभियान के तहत देश भर में नदियों की रक्षा हेतु पिछले कई वर्षों से नदी पूजन का कार्यक्रम हो रहा है। कार्यक्रम में विश्वजीत महतो, संभाग आरोग्य प्रशिक्षक गंगाधर, अंचल व्यास नागेश्वर, संच प्रमुख पतरातु शांति देवी, संच प्रमुख भुरकुंडा राजेन्द्र, संच व्यास अमृता कुमारी, संच व्यास एवं आचार्या यशोदा देवी, सपना देवी, श्वेता कुमारी, पियाशो कुमारी, आरती देवी, मालती देवी, प्रियंका कुमारी,अनिशा कुमारी मानमती देवी ममता देवी खुशबू देवी सरिता कुमारी सहित कई उपस्थित थे।

## सेल संचालन समिति ने वार्ता के बाद धरना लिया वापस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़** : सौंदा बस्ती संचालन समिति ने रविवार को सीसीएल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद आंदोलन को वापस ले लिया। वार्ता में मुख्य रूप से सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी और सेल संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे। वार्ता में प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया आर.ए.माइनिंग में 13 स्थानीय व्यक्तियों को काम पर लगाया गया था। दो अन्य लोगों को बहाल किया जाएगा। खदान में कार्यरत कर्मियों का फॉर्म - । भरा जाएगा। साथ ही फॉर्म - व में हाजिरी बनेगी। वहीं प्रबंधन की ओर से कहा गया कि नई नियुक्ति और वेतन के संबंध में आगामी 19 जून को त्रिपक्षीय वार्ता की जाएगी। वार्ता के बाद सेल संचालन समिति की ओर से कहा कि 15 जून को सयाल डी माइंस में आउटसोर्सिंग कंपनी का काम ठप कराते हुए ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर थे। धरना के दूसरे दिन रविवार को प्रबंधन और सेल संचालन समिति की वार्ता हुई। प्रबंधन के आश्वासन पर आंदोलन वापस ले लिया गया है। आगामी 19 जून को त्रिपक्षीय वार्ता में सहमति ने बनने पर आर ए माइनिंग का काम पुन ठप करा दिया जाएगा। वार्ता में एसओपी अजय कुमार, सयाल पीओ सुबोध कुमार, आरए माइनिंग के पीके श्रीवास्तव, सेल संचालन समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद, सचिव अंबर कुमार, हरि नारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, पवन कुमार, चितरंजन कुमार, सूरज प्रसाद, अभिषेक कुमार शामिल रहे।

## महेश नवमी महोत्सव-2024 का समापन



**रांची** : महेश नवमी महोत्सव 2024 के समापन के दिन 16 जून 2024 को प्रातः 6 समाज के युवाओं ने बड़ी संख्या में स्कूटोथोन प्रतियोगिता में भाग लिया। रहस्य एवं रोमांच से भरी इस प्रतियोगिता के संयोजक थे अंकित बियानी एवं विकास काबरा। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे से सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके संयोजक थे उज्जवल सोमानी एवं गौरव काबरा। सुडोकू चैलेंज एक दिमागी एवं अपने को एकाग्रचित्त रखने की एक अच्छी विधि है। इसमें प्रथम पंकज साबू, द्वितीय आयुषी काबरा एवं तृतीय उत्सव मंत्री रहें प्रातः 11:30 बजे से आयोजित एक मिनट प्रतियोगिता मनोरंजन के साथ ही कार्य क्षमता की पहचान देती है। ग्रुप अ में प्रथम हिमान्या मंत्री, द्वितीय कृष भाला,तृतीय आरोही सोमानी एंव ग्रुप इ में प्रथम अनिकेत सोमानी दितीय अदिति सोमानी , तृतीय काव्य साबू। इस प्रतियोगिता के संयोजक थे आशीष भाला, उज्जवल सोमानी एवं गौरव काबरा। सांय 4:00 बजे से मारवाड़ी भवन में आयोजित समारोह में समाज के वरिष्ठ पुरुष एवं महिला सदस्यों का सम्मान किया गया। महिला सदस्यों में श्रीमती बिमला देवी दरगड़, उर्मिला राठी, श्रीमती कांता बोड़ा, सावित्री देवी मालपानी, प्रमिला देवी झंवर, गीता देवी बोड़ा एवं सुशीला देवी डागा तथा पुरुष सदस्यों में श्री महावीर प्रसाद सोमानी, बजरंग लाल सोमानी, किशन लाल धूत ,श्री श्रीप्रकाश साबू, महेंद्र चितलांगिया एवं श्री श्रीप्रकाश चितलांगिया को दुपट्टा एंव भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया।

## बीसा पंचायत में सम्पन्न हुआ महाशिव मण्डा पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**अनगड़ा** : बीसा पंचायत पाहन टोली में विगत रात भव्य महाशिव उपासना के साथ आग पर चल कर फुलखुन्दी कार्यक्रम को सोकता और भोगता ने अपना शिवभक्ति का परिचय दिए इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा शिव की महिमा पूजा पाठ करने से एवं इस तरह का गॉव में मण्डा पूजा करने से ग्रामीणों के बीच शिव भक्तों में विश्वास बढेगा, जिससे समाज में आपराधिक घटना और समाज में बढ़ रहे कुरीतियों का अंत होगा इसी बीच छः नित्र्य की शुरूआत केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव के साथ सामुहिक रूप से फीता काटकर पंचायत के मुखिया मंजोती देवी,सत्यदेव मुंडा, उमेश बड़ाईक, उप मुखिया संजय भोगता और मण्डा पूजा समिति के संचालन दिलीप कुमार पाहन, अध्यक्ष समल मुंडा, सचिव सलिखराम बड़ाईक, कोषाध्यक्ष जगु महली, संजय भोगता, मानेश्वर मुंडा, योगेंद्र महतो, सम्भु बड़ाईक, कपिल बड़ाईक, हरिहर बड़ाईक, रंथु भोगता, पसुवा लोहरा, बिनोद पाहन, बुधराम बेदिया, फागु बेदिया आदि लोग मिलकर मेला की शुरूआत किये।

## महाप्रबंधक कार्यालय में ली गयी स्वच्छता की शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**उरीमारी** : सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में रविवार को सीसीएल मुख्यालय रांची के निर्देशनुसार स्वच्छता पखवाड़ अंतर्गत स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक अजय सिंह ने की। अवसर पर महाप्रबंधक की अगुवाई मेंअधिकारी और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। अवसर पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि कार्यस्थल के साथ-साथ अपने घर और आसपास भी सफाई जरूरी है। स्वच्छ जीवनशैली अपनाकर हम कई गंभीर बिमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छ माहौल में कामकाज भी बेहतर ढंग से होता है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में स्टाफ ऑफिसर (ईएंडएम) अमरेन्द्र कुमार, स्टाफ ऑफिसर ( कार्मिक और प्रशासनिक) अजय कुमार, परियोजना अभियंता, सयाल-डी गुलाम रसूल, केदार राम, कामेश्वर कुमार, अमित कुमार, शम्भुनाथ, शशि कुमार दुसाध, रविश कुमार, जोगेंद्र रजवार, जुगल किशोर सिंह, महेश प्रजापति, सदानंद सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मैं बगैर थके और रुके रांची सहित पूरे देश के विकास कार्यों में लगा रहूंगा : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : रांची के आशीर्वाद बैंक्विट हॉल चिरौंदी रांची में जिला ग्रामीण के बैनर तले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का अभिनंदन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें ओरमांझी प्रखण्ड से जुड़े कार्यकताओं ने उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उनका अभिनंदन और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमें प्यार और आशीर्वाद लगातार दिया है। और 40 डिग्री टेंपरेचर में जिस तरह जनता ने हमें प्यार दिया यह प्यार और उत्साह मेरे लिए एक तरह की जिम्मेदारी के रूप में है. हमारी मुलाकात केंद्रीय मंत्रियों से हुई है और उन्होंने मुझसे पूछा है कि झारखंड को कितने पैसे की जरूरत है आप प्रोजेक्ट लगाइए हम उसे पूरा करेंगे आने वाले दिनों में अन्य प्रदेशों की राजधानी की तरह झारखंड को भी आगे बढ़ाएंगे। रांची के आउटर रिंग रोड के निर्माण के लिए पीएम की तरफ से 6 हजार करोड़ का प्रस्ताव आ चुका है। उन्होंने कहा कि बगैर थके और रुके रांची सहित पूरे देश के विकास कार्यों में लगा रहूंगा। वहीं उप मुखिया संतोष गुप्ता ने कहा कि हमारे सांसद हमेशा विकास पुरुष थे। और अब केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनने से रांची व झारखंड का दशा व दिशा विकास से बदल देंगे। और अब सिर्फ विकास ही विकास होगा। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मुखिया दीपक बड़ाइक, प्रधान दीनदयाल मुंडा, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, नीरज नायक, कुलदीप तिवारी, आनंद मेहता, मुखिया धनराज वेदियां, शशि मेहता, मुखिया सुनील उरांव, राज किशोर साहू, चतुर साहू, बृजलाल वेदियां,बबलू मुंडा, अघनू मुंडा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित है।

## माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी पर किया सेवा कार्य




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची से करीबन 45 किलोमीटर दूर खूंटी एवं मुरहू में माहेश्वरी समाज के 10 परिवार बसते हैं। 5157 वां माहेश्वरी वंशोस्पति दिवस खूंटी मुरहू के समस्त परिवार ने मिलकर महेश नवमी का महोत्सव काफी धूमधाम से मनाया।इस शुभ अवसर पर प्रातः सभी परिवार के सदस्यों ने शिवालय में जाकर सामूहिक रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की। इसके बाद सेवा कार्य किया। सदर अस्पताल मातृ शिशु अस्पताल में जाकर १०० मरीजों के बीच फल, जूस और बिस्कुट का वितरित किया। समाज के इस विशेष आयोजन में गोवर्धन शारदा, नंदकिशोर सोमानी, श्याम सुंदर साबू, राजकुमार सोमानी, ओम प्रकाश भाला, प्रकाश भाला, जयप्रकाश भाला, बजरंग लाल बहती, माधव भाला, मनीष सोमानी, सरोज माहेश्वरी, मोनिका भाला एवं श्रीमती बीना भारती का सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ का हुआ विस्तार



- सुजीत कुमार सिन्हा बने रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष, सूर्यवंश श्रीवास्तव बने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला (रामगढ़)** : रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के आवासीय कार्यालय में महासभा की एक बैठक हुई। इस बैठक में महासभा का आंशिक विस्तार किया गया। इसमें गोला निवासी सुजीत कुमार सिन्हा, पिता- अलख कुमार सिन्हा को महासभा का रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं लोहार टोला निवासी सूर्यवंश श्रीवास्तव, पिता- स्व. अनंत प्रसाद श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष द्वारा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को 15 दिनों के अन्दर अपने कमिटी का विस्तार कर सूचित करने को कहा। जिला अध्यक्ष ने अपने हाथों से सुजीत कुमार सिन्हा एवं सूर्यवंश श्रीवास्तव को मनोनयन पत्र सौंपा तथा महासभा के विस्तार एवं प्रगति के लिए प्रयत्नशील रहने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री राजीव पामदत्त, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार वर्मा एवं अमित सिन्हा उपस्थित थे। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर बामेश्वर प्रसाद, राजीव पामदत्त, रोहित कुमार वर्मा, राजेश कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, अनिल सिन्हा, सनत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, आनंद कुमार सिन्हा, मुन्ना श्रीवास्तव, प्रो.प्रदीप सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, संजय अम्बष्ठ, मनोज कुमार सिन्हा, चित्रांश परिवार गोला के सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, कुंवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, संजय बक्शी, रजनीश आनंद, संदीप लाला, अभिषेक सिन्हा ने बधाई दी है।

### सांसद मनीष जायसवाल का किया गया नागरिक अभिनन्दन

## मैं आपके बीच आपका आभार व्यक्त करने आया हूं : मनीष जायसवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला (रामगढ़)** : रविवार को गोला स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में भाजपा गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयाशवाल को माला पहनाकर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी के द्वारा सांसद को पुष्प गुच्छ और शॉल देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि आज मैं आपके बीच आपके द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करने आया हूँ। आपलोग जिस तरह चुनाव में मुझे भारी मतों से बिजयी बनाया है इसका कर्ज मैं जरुर आपकी सेवा करके चुकाउँगा। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आपके बीच रहूँगा चाहे कोई भी छोटा बड़ा काम हो मैं उसे पुरा करने की भरपूर कोशिश करुँगा। उन्होंने आगे कहा कि सुख हो या दुख हो मैं आपके पास हमेशा खड़ा रहूंगा। उन्होंने स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी को कहा कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं शिक्षा का अलख जलाएँ , जो भी मदद होगा मैं हमेशा उसे पुरा करुँगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, पुर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंन्टु बाबू, जिला महामंत्री रंजन सिंह, ज़िला उपाध्यक्ष राजु चतुवेर्दी, राजीव जायसवाल, महामंत्री जितेंद्र साहु, उप प्रमुख बिजय ओझा, जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चोधरी, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, सचिव नित्यानंद महतो, पंचम चौधरी, अर्जुन प्रसाद, रवि हाजरा, संतोष कुशवाहा, ललन कुशवाहा, प्रीतम झा, हरिश बर्मन, देंवती देवी, सुलेखा देवी, माधुरी देवी, सुरज बर्मा, चंद्र शेखर उपाध्याय, एहसानुल हक, दिंगबर महतो, लखन अग्रवाल, परितोष चंद्र पोद्दार, राजु अग्रवाल, संजय बर्मन, दीपक केशरी, कृपाल बर्मन, रुपेश पोद्दार, प्रयाग साव, जय किशुन साव, संतोष साव, प्रकाश कपुर, अनुज प्रसाद, दीपक सिंह, भागीरथ कश्यप, दिलचंद महतो आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने कई मुद्दों पर की चर्चा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**उरीमारी** : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में उरीमारी शाखा की बैठक हुई। जिसमें पोटंगा वर्क शॉप, सौदा साइडिंग, बेस वर्क शॉप, फिल्टर प्लांट ऑफिस से यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान कहा गया कि अचार संहिता के चलते पदोन्नति रुका हुआ था, जब अचार संहिता खत्म हुआ तो नया मैन पावर बजट आ गया जिसके चलते बहुत लोग प्रमोशन से वंचित हो रहे हैं। इसपर पहल कराने की जरूरत है। इसके साथ ही ग्रामीण बैंक और डिस्पेंसरी को चेक पोस्ट में शनिचर बाजार के पास लाया जाए। चेक पोस्ट कॉलोनी फिल्टर प्लांट का वाटर सप्लाई मोटर दो-तीन घंटा चलने के बाद गर्म हो जा रहा है जिससे पानी सप्लाई में दिक्कत हो रही है, इसे अविलंब दुरूस्त कराया जाए। बेस वर्क शॉप में पीने का पानी, रेस्ट रूम, महिला पुरुष शौचालय बनवाया जाए। कई कर्मियों कोइंसेंटिव नही मिला है इसको तुरंत दिलवाया जाए। हेसबेड़ा पीपल पेड़ के पास दीप बोरिंग में पानी का लेयर नीचा चला गया है, उसमे पाइप जोड़ा जाए। बरसात से पहले चेक पोस्ट कालोनी के नालियों का साफ सफाई करवाया जाए। बकाया एरियर का भुगतान जल्द से जल्द करवाया जाए। सभी समस्याओं को लेकर राजू यादव ने कहा कि जल्द ही उरीमारी के परियोजना पदाधिकारी और बरका-सयाल एरिया के महाप्रबंधक से अविलंब मुलाकात कर सभी समस्याओं के निराकरण हेतु उचित पहल करायी जाएगी। बैठक में उरीमारी शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, बिरसा शाखा अध्यक्ष लालो महतो, विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी, गणेश राम, डा. जीआर भगत, दीपक विश्वकर्मा, टहल गोप, रवि पवारिया, उप मुखिया सतीश कुमार, अंजन बेहरा, सतई राजभर, अशोक कुमार, बिरजू मुंडा, चंद्र किशोर यादव, राजकुमार महतो, महेंद्र सिंह, जेपी मेहता, दीपक यादव, बाबूराम, कार्तिक डे, संजय कुमार यादव, भोला रविदास, चंदू जायसवाल, सुखदेव सोरेन, सीगू मांझी, बिनोद प्रजापति, लालदेव सोरेन, पप्पू यादव, राधे श्याम रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

## मृतक पहान पुजारी के परिवार को खिजरी विधायक ने किया आर्थिक सहयोग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : रविवार को प्रखंड के अंतर्गत ग्राम बरवे बसाती के मुख्य पहान पुजारी अरुण पहान का एक सप्ताह पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो गया था। जिसमें मृतक परिवार को दशकर्म करने के लिए खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से विधायक सलाहकार सह कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश उरांव ने 52 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि मृतक के पत्नी को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के अंतर्गत सरकार से बीस हजार एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने एवं विधवा पेंशन दिलाने तथा हर तरह से सहयोग करने के लिए खिजरी विधायक तत्पर है। श्री उरांव ने यह भी कहा कि खिजरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप ने अपने विधानसभा क्षेत्र के आम जनों के लिए हर दुख सुख में सभी समुदाय, वर्ग समाज के लोगों के प्रति सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं। और हर क्षेत्र में विकास के प्रति सड़क, पुल,पुलिया,नली, गली में पीसीसी पथ निर्माण कार्य या अन्य कार्य के प्रति सजग रहते हुए तीव्र गति से विकास करने के लिए कटिबंध है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता किशोर नायक, विनोद महली, मृतक के पुत्र पुत्री एवं पत्नी मुख्य रूप से शामिल थे।

## एक झलक

### पंसस के बड़े भाई का निधन, पूर्व विधायक मनोज यादव ने शोकाकुल परिवार से की भेंट

**बरही :** पदमा प्रखंड के सूरजपूरा पंचायत समिति सदस्य सह विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप रविदास के बड़े भाई विनोद रविदास उर्फ भोला जी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से भेंट कर सांत्वना प्रकट किया। मौके पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि नियती के आगे सब नतमस्तक है, हम सदैव इस परिवार के के लिए छाँव बन कर खड़े रहेंगे। साथ ही सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा देते हुए आर्थिक सहयोग किया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि विनोद रविदास एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके निधन से समाज को काफी क्षति हुई हैं। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण यादव, लाल किशोर गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, सुनील मेहता, सुरेंद्र मेहता, मनोज गुप्ता, पंकज मेहता, पिंटू मेहता सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अमन कुमार तथा अजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में राम भक्त उतरे सड़को पर

**हजारीबाग :** शनिवार को स्थानीय बड़ा अखाड़ा हजारीबाग से सभी सनातनी एवं रामभक्त हिंदुत्व प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार तथा अजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में सड़को पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किए। रामभक्तों ने बताया कि अपने धर्म और संस्कृति के अनुसार बड़ा अखाड़ा से गंगाजल लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर में महादेव को जल अर्पण कर उनकी जल्द रिहाई के लिए प्रार्थना की गई। तत्पचात देवांगना चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हजारीबाग जिला तथा बाहर से भी आए रामभक्तों ने अपना समर्थन दिया। राज्य सरकार से मांग किया गया है, कि अगर जल्द रामभक्तों कि रिहाई नहीं हुई तो आंदोलन और विशाल रूप में होगा।

### पत्रकार को मातृशोक

**कटकमदाग :** कटकमदाग प्रखंड के सलगावां निवासी पत्रकार लखन पासवान की माता बोधनी देवी का शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 86 वर्ष की थी। पिछले 5-6 दिनों से वह बीमार थी। उन्हें ईलाज के लिए एसबीएमसीएच हजारीबाग में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को सलगावां पचपौनिया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन के साथ-साथ गांव व शहर के कई गणमान्य लोग शरीक हुए। वे अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।

### विवेक पुस्तक भवन का उद्घाटन

**चौपारण :** चतरा मोड़ स्थित केबीएसएस प्लस 2 उच्च विद्यालय के बगल में विवेक पुस्तक भवन का उद्घाटन कानकुब्जय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, गणेश पांडेय रामगढ़, चय समिति अध्यक्ष सुरेश पांडेय, उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पांडेय, पंसस नरेश पाण्डेयव, मंत्री यशवंत पांडेय व समाज के अन्य प्रबुद्धजनों ने मंत्रोच्चार व फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किताब की दुकानें खुलना ये दिखाता है कि लोग पढ़ाई की महत्ता को और बढ़ा रहे हैं। वहीं संचालक विवेक कुमार पांडेय ने कि हमारे यहां सभी विद्यालय एवं प्रकाशन की पुस्तकों के साथ ही सभी धार्मिक पुस्तक व स्टेशनरी की सभी सामग्री सुगमता एवं सही मूल्यों पर उपलब्ध है। हमारी कोशिश है कि हम ग्राहकों के सुविधाओं का पूर्णतः ध्यान रखें। मौके पर अश्वनी शर्मा, भोला पांडेय, श्यामानंद शर्मा इटखोरी, सुबोध सिंह, महादेव पांडेय, चन्दन गुप्ता, श्यामदेव पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बकरीद का त्योहार सामूहिक भाईचारे व शांति का प्रतीक

**बैठक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शफीक खान ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन के साथ स्थानीय समुदाय के लोग तथा विभिन्न धार्मिक समुदाय के लोगों मौजुद रहे। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार सामूहिक भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने



के लिए समुदाय के सदस्यों से सहयोग की अपील की।

साथ ही उन्होंने कहा कि किसी तरह का अफवाह ना फैलाएं और कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे दूसरे धर्म के लोगो की धार्मिक अनुष्ठान पर ठेस पहुंचे। मौके पर एस आई मिठू मुर्मू, ए एस आई गणेश हासदा, अशोक प्रसाद, मोहम्मद जैनुल, राजेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, खागो महतो, परमेश्वर महतो, अयूब खान इत्यादि लोग मौजूद थे।

### चरही थाना में शांति समिति की बैठक



**चरही :** बकरीद त्योहार को लेकर शनिवार को चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली ने किया। जबकि संचालन पूर्व मुखिया दशरथ कर रहे थे। बैठक में पर्व को शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने विचार को रखे। सहायक थाना प्रभारी नंदकिशोर दास ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारा का पर्व है। बकरीद त्योहार में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना फैले जिससे शांति सदभाव बिगड़े। आगे कहा कि अफवाह पर ध्यान नहीं दें। शरारती तत्वों और अफवाह फैलाने वालों तथा शोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं दें।जानकारी मिलने पर सख्त कानून कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सहायक थाना प्रभारी नंदकिशोर दास, जिप सदस्य बासुदेव करमाली, भोला तुरी, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, संचालन पूर्व मुखिया दशरथ महतो, बैजनाथ मेहता, जितमोहन महतो, सुरेंद्र कुमार, अमित सिंह, मुमताज अंसारी, चरण करमाली, मो.आशिक, आरिफ अंसारी, एहतेशामूल हसन, वकील अंसारी, मो.अफताब, जलील अंसारी, फिरोज अंसारी, मोनाजिर अंसारी, कुर्बान अंसारी, राजेश शर्मा, गणेश मांझी, रामलाल महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर कटकमसांडी थाने में शांति समिति की बैठक



**कटकमसांडी :** रविवार को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाए जाने को लेकर एसआई बिराज कुजुर की अध्यक्षता में बैठक बैठक गई। बैठक में उन्होने उपस्थित लोगो से कहा कि बकरीद पर्व को सलीके से अपने धर्म के मुताबिक मनायें और किसी भी अनहोनी सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। साथ ही कानून को अपने हाथों मे लेने से परहेज करें। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एसआई संजय जेम्स मिंज, एसआई मनोज कुमार, एसआई फिलिप बारला, एएसआई लक्ष्मण सिंह, एएसआई देवेंद्र कुमार सिन्हा, दिलचंद पासवान सहित मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय, रविंद्र कुमार, इस्लाम खान, हैदर आजाद, मुखिया जयप्रकाश केसरी, मुमताज शाह आलम, राजा खान, शहादत हुसैन, मो. बदरुद्दीन खान आदि दर्जनों जनप्रतिनिधिगण व प्रबुद्धजन उपस्थित थे। बैठक में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाये जाने की अपील की गई। बैठक में ढौठवा, आराभुसाई, डांटो, कटकमसांडी, डांड़, लुपुंग, सुलमी, कंडसार आदि क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधिगण व प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**आयोजन**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के गीतांजलि होटल में शनिवार को देर शाम बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रांची से इंजीनियर ऑडिटर के रूप में चंदन तिवारी मुख्य रूप से मौजूद हुई उनके द्वारा ग्राहकों एवं विक्रेता गण को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बताया गया कि बीईई द्वारा उपकरण के स्तर लेवलिंग की महत्व को विस्तार रूप से बताया गया और उपकरणों के स्तर लिविंग के फायदे भी ग्राहकों एवं विक्रेताओं को विस्तार रूप से बताया गया तकनीकी क्षमता के विषय में ग्राहकों को विस्तार रूप से बताया गया कि यदि हम 3 स्टार का सामान प्रयोग करते हैं तो बिजली का



बिल अधिक आता है वहीं, हम 5 स्टार का सामान उसे करते हैं तो बिल काम आता है। वहीं, प्रशिक्षण के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को एनर्जी ऑडिटर चंदन तिवारी के द्वारा मोमेंटो एवं फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय है इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए ताकि हर ग्राहकों तक या बात पहुंच सके ऐसे कार्यक्रम आयोजित के लिए हम पूरी आयोजक मंडली का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने ग्राहकों के प्रति इतना सजकता से कार्यक्रम आयोजित किया वहीं ग्राहकों के साथ विक्रेताओं को भी आमंत्रित किया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, सह सचिव तारिक अहमद रजा, खेतान ऑटोमोबाइल के संचालक बजरंग लाल अग्रवाल सहित कई प्रतिष्ठा के संचालक एवं ग्राहक मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी संरक्षण समिति को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की श्री श्री चैत्र रामनवमी 2024 के सफल सम्पादन में महत्ती भूमिका निभाने को लेकर रामनवमी संरक्षण समिति को हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया ' सम्मान समारोह के दौरान श्री सिंह ने कहा की हजारीबाग की रामनवमी के सफल सम्पादन में रामनवमी संरक्षण समिति, रामनवमी महासमीति, सद्भावना विकास मंच सहित अन्य संगठनों का अतुलनीय योगदान रहा जिसके फलस्वरूप हजारीबाग की ऐतिहासिक




रामनवमी को शांतिपूर्ण व नशामुक्त मनाया गया। आगे उन्होंने कहा कि रामनवमी संरक्षण समिति जुलूस के दौरान सक्रिय रहा जिसके कारण रामनवमी जुलूस पारंपरिक जुलूस मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचा। सम्मान समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की रामनवमी 2024 के शांतिपूर्ण समापन में उपायुक्त नैंसी सहाय पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह सहित जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी का अहम योगदान रहा और इन सब के साथ साथ हजारीबाग के लाखों रामभक्त व श्रद्धालुओं ने भी धार्मिक आस्था से सराबोर अपने सामाजिक कर्तव्यनिष्ठा का पालन किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, परमेश्वर प्रसाद मेहता, राजकुमार यादव, राजेश गोप, अजय साव, ओमप्रकाश गोप, मोहन कुमार, केदार कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, लब्बू गुप्ता, अमरेश कुमार सिंह, अमरजीत कुमार सिन्हा सहित रामनवमी संरक्षण समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## बुजुर्गों की सुविधाएं, सम्मान व उनके अधिकारों के संरक्षण प्रदान करना हमारा कर्तव्य है : उपप्रमुख

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चौपारण :** बड़े-बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान हैं, हमारी धरोहर हैं। हमें उन्हें सहेजने की जरूरत है। यदि हम अपने समाज अपने परिवार में स्थायी सुख, शांति और समृध्दि चाहते हैं तो बुजुर्गों का सम्मान करना होगा, उनके उम्मीद का किरण बनना होगा, उनके अंशु पोछने होंगे। बुजुर्गों की सुविधाएं, सम्मान एवं उनके अधिकारों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से चौपारण उपप्रमुख प्रीति साहू ने कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से 50 साल के महिला व अनुसूचित जाति-जनजाति पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन का निर्णय लिया है ताकि सभी वर्ग की महिलाएं व अनुसूचित जाति-जनजाति के पुरुष आर्थिक और सामाजिक रुप से पिछड़े नहीं उनके जीवनस्तर को सुदृढ़ बनाने के लिए आर्थिक रुप से सहायता प्रदान किया जा सके। परन्तु प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से बार बार जानकारी प्राप्त हो रही है कि मैंने पेंशन का फॉर्म भरा परन्तु दो से तीन माह गुजरने के बाद भी मोबाइल में किसी तरह का मैसेज नहीं आया है। कई बार बैंक जाकर खाता भी चेक करवाये पर उसमें भी पेंशन की राशि नहीं दिखा रहा है। अब चुनाव का कार्य भी संपन्न हो चूका है। अधिकारी भी नियमित रूप से अपने-अपने कार्य पर लौट चुके हैं। प्रखंड के वैसे सभी पेंशन का लाभार्थी जो प्रखंड कार्यालय आने सक्षम हैं दिनांक 19/06/2024, दिन बुधवार को मैं अपने कार्यालय में पुरे दिन उपस्थित रहूंगी।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव महायज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पदमा प्रखंड के दोनईखुर्द में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज यादव मुख्य रूप से शामिल हुए और उन्होंने महिलाओं को विधिवत रूप से कलश देकर रवाना किया। कलश में जल भरकर श्रद्धालु पूरे गांव का भ्रमण कर वापस यज्ञ मंडप पहुँचकर कलश स्थापित किया। इस कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएँ व कुवाँरी कन्याएँ अपने माथे पर कलश लेकर चल रही थीं। साथ ही साथ सैकड़ों श्रद्धालु भक्त केशारिया झंडे के साथ जय श्री राम, जय हनुमान आदि जयकारे लगाते हुए साथ में चल रहे थे। यज्ञ आयोजन को लेकर पूरे इलाके का माहौल भक्तिमय हो गया है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के लिए वे सर्वप्रथम आयोजन कमेटी के साथ तमाम सदस्यों के प्रति आभार प्रकट



करते हैं। इस प्रकार के अनुष्ठान का आयोजन करने से क्षेत्र में भक्ति का माहौल बनता है और धार्मिक वातावरण की उत्पत्ति होती है। उन्होंने क्षेत्र के तमाम भक्तजनों से अपील करते हुए कहा कि अगले कुछ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य का भागी बनें। पूर्व विधायक ने कहा कि सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु व महेश के साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करते है वहीं की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण यादव, उप प्रमुख सतेंद्र राणा, भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता, अरुणजय मेहता, महेंद्र मेहता, राजेंद्र गिरी, सपना देवी, लाल किशोर गुप्ता, अजित गिरी, सुनील मेहता, विनोद यादव, रामेश्वर मेहता, सरयू मेहता, सीताराम मेहता, कुणकुण यादव, उप मुखिया जीतेन्द्र यादव, नरेंद्र मेहता, कमला मेहता, महेश मेहता, मनोज मेहता, राजकुमार मेहता सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। यात्रा में सैकड़ो महिलाएं व कुवांरी कन्याएं अपने माथे पर कलश लेकर चल रही थीं।

## झारखंड सरकार ने बालू उठाव पर रोक लगा दी है, अबुवा आवास का निर्माण कैसे होगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** एक कहावत तो आपने सुनी होगी की हाथी के दांत खाने के लिए कुछ और, दिखाने में कुछ और होते हैं। यह कहावत सटीक झारखंड सरकार पर साबित होती दिख रही है।यह बाते विष्णुगढ़ आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सरकार एक तरफ योजना अंतर्गत अबुवा आवास लाभुकों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिशा निर्देश देती है तो दूसरी तरफ बालू उठाव पर रोक लगा रखी है। इतना ही नहीं लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र की मांग की गई है, बिना जाति प्रमाण पत्र के दूसरी किस्त भेजने पर रोक लगा दी है, आगे कहा कि राज्य सरकार चुनावी लाभ लेने के लिए आनन -फानन मे आधी-अधूरी कागजात के साथ ही सरकार ने ग्राम सभा को दर किनार कर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमान करते हुए अबुवा आवास की स्वीकृति कर दी और अभी लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र की मांगी जा रही है।जबकि वर्तमान समय में जाति प्रमाण पत्र बनाना कठिन हो गई है। कई लाभुक ऐसे हैं जो भूमिहीन हैं, जिन्हे आवास बनाने के लिए जमीन आवांटन किया गया है। उनकी जाति प्रमाण पत्र कैसे बनेगा, वही जिसका जाति प्रमाण पत्र बन गया और दूसरा किस्त उनके यहाँ आ भी जाएगा तो बालू के अभाव में अबुआ आवास का निर्माण कैसे होगा। एक तरफ सरकार का आदेश है कि आवास का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाय, वही दूसरी तरफ बालू उठाव पर रोक का आदेश जारी कर दिया गया है।

## कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में हो रहा है स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सेवा सहयोग समिति के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के इंटरनेशनल स्कूल के पास, आद्रा रोड सुल्ताना पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व के दिनों में कटकमदाग के अन्य दो पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा चुका है कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में अगले 30 तारीख तक निरंतर रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा इसके पश्चात अन्य चरणों में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जाएगा। ताकि संपूर्ण सदर विधानसभा क्षेत्र की आम जनता बेहतर स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो सकें।




निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से पंचायत के करीब 425 से भी अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सा जनरल फिजिशियन के रूप में मौजूद रहे,वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान आने वाले मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई वही साथ में ब्लड बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन जांच निशुल्क किया गया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर करीब 4:00 बजे तक निरंतर रूप से चलता रहा शिविर में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ परिजनों के लिए गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई साथ ही गर्मी से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया था, स्वास्थ्य शिविर हजारीबाग के सुप्रसिद्ध अस्पतालों में से एक आरोग्यम अस्पताल की विशेष सहयोग से लगाया गया। मौके पर युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हमारे द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन निरंतर रूप से चलते रहेगा, यह आयोजन चार चरणों में किया जाएगा, जिसके पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जा रहा है इसी के नियमित सुल्तान में रविवार को आयोजित किया गया।

## डीएमएफटी मद से अनुबंध आधारित बैडमिंटन कोच के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** बैडमिंटन खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला डीएमएफटी मद से एक अनुभवी एवं योग्य एनआईएस (NIS) कोच की संविदा आधारित अस्थाई नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। 15 जून को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में तीन अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि हजारीबाग में खेल की असीम संभावनाएं है तथा विभिन्न खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय



व अंतराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी का चयन हजारीबाग जिले से हुआ है, इसलिए खेल के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से यह साक्षात्कार आयोजित किया गया है। अनुभवी प्रशिक्षक के होने से खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों को समझने में आसानी होगी और वें बेहतर खेल से जिले व राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे। चयन समिति के द्वारा निर्णयोपरांत एक प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। 15 फरवरी को डीएमएफटी की न्यास परिषद की बैठक ठक्र कोच की नियुक्ति को लेकर यह निर्णय लिया गया था।

# मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लेकर सांसद ने निकाला धन्यवाद यात्रा, मतदाताओं का जताया आभार

**यात्रा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने चुनाव जितने के तुरंत बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवाद यात्रा की शुरूआत की। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से चुनाव जीताकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के लिए मतदाताओं का आभार जाता रहे हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र के बाद रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपनी



धन्यवाद यात्रा के साथ मनीष जायसवाल क्षेत्र में जनता के बीच दिखे। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकालने से पहले सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका का विशेष पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मनीष जायसवाल के पूजा- अर्चना के पश्चात रजरप्पा मंदिर धार्मिक न्यास समिति के पदाधिकारी और सदस्य छोटू पंडा, राकेश पंडा, पोपेश कुमार पंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा मां छिन्नमस्तिका मन्दिर का तस्वीर भेंटकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत और सम्मान किया गया। यहां सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार कुण्टू, युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा महिला नेत्री सेफाली गुप्ता, प्रो. संजय सिंह, विजय जायसवाल, वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, राजू चतुर्वेदी, रंजन सिंह फौजी, गणेश प्रसाद, नरेश कुमार, बबलू साव, राजीव जायसवाल, प्रवीण कुमार, अंकित सिंह, राहुल पासवान, शेफाली गुप्ता, वासुदेव प्रजापति, राहुल पासवान, सोनू कुमार, मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका का पूजा करने के उपरांत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला, बरलंगा, चितरपुर, दुलमी और रामगढ़ शहरी इलाके के कई क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत गोला संस्कार विद्यालय प्रांगण से की। जिसके बाद बरलंगा भाजपा मंडल के पुरबडीह, बड़वाटांड़, चितरपुर मंडल के चितरपुर बाजार टांड़, सुकरीगढ़ा, दुलमी भाजपा मंडल के कोरचे, अग्रवाल धर्मशाला परिसर और रामगढ़ शहरी क्षेत्र के डेली मार्केट में किसान मजदूर संघ के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह, रामगढ़ फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भाग लिए। रविवार को उन्होंने अपने धन्यवाद यात्रा का समापन रामगढ़ के श्याम परिसर में आयोजित विशाल भीड़ का आभार जताते हुए किया। इस दौरान उनके साथ रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए के कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें। रामगढ़ में अपने धन्यवाद यात्रा के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की सेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और आगे भी जन भागीदारी से सेवा और विकास के कार्य में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से लगा रहूंगा। उन्होंने कहा कि आपसे सीधे कनेक्ट रहूंगा। मेरा मोबाइल नंबर 9431140323 सार्वजनिक है आप अपने जायज काम के लिए सीधे संपर्क साध सकते हैं। इसके अलावे हजारीबाग शहर में सांसद सेवा कार्यालय आपकी सेवा में सदैव तत्पर है और रहेगा। भविष्य में रामगढ़ जिला क्षेत्र के लोगों को सहूलियत हो इस दिशा में सकारात्मक प्रयास जरूर करूंगा। उन्होंने बीते लोकसभा चुनाव में विश्वास जताते हुए प्रचंड मत लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व का मौका देने हेतु मतदाताओं का विशेष आभार जताया।

सम्पादकीय.....

# रचनात्मक राजनीति समय की जरूरत

**भारत** एक लोकतांत्रिक है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनावों के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है। संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाईश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देश हित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसन्द जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। चुनाव के बाद निर्वाचित हुए प्रतिनिधि वास्तव में जनता के ही प्रतिनिधि हैं, इसलिए अब सभी को जनता के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। चुनाव तक ही भाजपा और कांग्रेस की राजनीति रहती है, अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है। कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है। यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है।

## ● किसने क्या कहा



संसद परिसर में बना प्रेरणास्थल सभी के लिए बनेगा प्रेरणा

**ओम बिरला**
**लोकसभा अध्यक्ष**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि व किसान के विकास का रोडमैप तैयार

**शिवराज सिंह**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री**



# प्यासी धरती करे पुकार : आओ सहेजें वर्षा जल इस बार

विशेष — **डॉ. अजय खेमरिया**

**केंद्रीय** जल आयोग का अध्ययन बताता है कि हर भारतीय औसतन 45 लीटर पानी हर दिन बर्बाद कर रहे हैं। यह बबार्दी घर, बाथरूम और अन्य माध्यमों से हो रही है। पहले हमारे घरों में जरूरत के अनुरूप पानी संग्रहित होता था क्योंकि स्रोत कुँए बाबड़ी थे और स्नान,शौच में भी आज की तरह विदेशी व्यवस्था नही थीं। घरों में लगे आरओ एक लीटर पानी को शुद्ध करने के लिए चार लीटर पानी बर्बाद करता है। बोतलबंद पानी बनाने वाली कम्पनियां हर घण्टे 15 हजार लीटर पानी जमीन से निकाल रही हैं। एनजीटी के अनुसार देश में हर दिन सम्मिलित रूप से 49 अरब लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है। नीति आयोग के अध्ययन से पता चलता है कि आने वाले दो तीन दशकों में भारत की 60 प्रतिशत जनसंख्या के सामने पेयजल का गंभीर संकट आने वाला है।

**रिकार्ड** तोड़ भीषण गर्मी विदा हो रही है। इस साल तपती धरती ने हमें आने वाले कल की झलक दिखला दी है। सभी पैरामीटर्स ध्वस्त से हो गए थे। हम फिर भी नहीं चेते तो त्रासदी का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। गर्मी के साथ तीन चौथाई हिस्से में पानी का संकट खड़ा हुआ है। जितना पानी उपयोग के लिए चाहिए उससे दस गुना हम बर्बाद कर रहे हैं। प्रकृति ने पानी की प्रचूर उपलब्धता सुनिश्चित की है, वर्षा और भूजल के माध्यम से। मानसून तटों से लेकर शहरों तक दस्तक दे चुका है। लेकिन क्या हम इस वर्षा जल को सहेजने के लिए तैयार हैं? सरकारें हर साल अभियान चलाकर जल संग्रहण के प्रयास करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ३कैच द रेन३ जैसे अभियान शुरू कर वर्षा जल को सहेजने का आह्वान किया। इसके बावजूद भारत में वर्षा जल संग्रहित नहीं हो रहा है। सब कुछ सरकार पर छोड़ने की दुर्भाग्यजनक मानसिकता ने भारत के परम्परागत लोकजीवन को पूरी तरह विस्थापित कर दिया है। न केवल जल संचय बल्कि इसकी बबार्दी के भी सभी रिकॉर्ड हम भारतीय तोड़ने में अग्रणी हैं।

सवाल यह कि जब हम वर्षा जल संग्रहण में सदियों से पारंगत रहे हैं तब हमें सरकारी तंत्र की आवश्यकता क्यों पड़ने लगी है? असल में उपभोक्तावाद और प्रकृति के साथ अलगाव की जीवनशैली ने हमारा तानाबाना ही बिगाड़ कर रख दिया है। यही कारण है कि प्रकृति के साथ जिस समाज का रिश्ता पिता-पुत्र सा था, आज वही समाज प्रकृति के रौद्र रूप को झेल रहा है। आज आवश्यकता है जल, जमीन और जंगल के साथ हमारे सनातन प्रावधित रिश्तों को जीवित करने की। इस वर्षा ऋतु के साथ ही हम इसकी शुरूआत कर सकते हैं। आंकड़े दशार्ते हैं कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 970 लाख लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है ।हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की हालत अधिक अच्छी नहीं है। वहां भी लगभग 70 फीसद लोग प्रदूषित पानी पीने और 33 करोड़ लोग सूखे वाली जगहों में रहने को मजबूर हैं। भारत में कुल मिलाकर लगभग 70 फीसदी जल प्रदूषित है। देश में पहले से ही सीमित मात्रा में जल उपलब्ध है, बावजूद इसके जल की बबार्दी निरंतर जारी है। यह प्रवृत्ति खतरनाक है। जिस रफ्तार से पानी की बबार्दी हो रही है, उसके चलते हमारा आने वाला कल बेहद भयावह हो सकता है। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। नदियां सूख रही हैं। दलदली भूमि यानी वेटलैंड भी खतरे में हैं। एक सौ पचास करोड़ की जनसंख्या वाला हमारा देश जल संरक्षण को लेकर गंभीर भी नहीं है, देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले अकेले मुंबई में ही वाहनों को धोने में हर रोज लगभग पचास लाख लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई आदि महानगरों में पाइप लाइनों में रिसाव के चलते प्रतिदिन 17 से 44 फीसद पानी बेकार बह जाता है।

नीति आयोग की हालिया भूजल पर जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में इस बात की चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 21 बड़े शहरों में भूजल खत्म होने के कगार पर है इससे करीब 15 करोड़ आबादी सीधे पानी के लिए तरसने पर विवश होगी। नीति आयोग के इस अध्ययन से पता चलता है कि भारत किस तरह जल संकट से घिरता जा रहा है। वर्षा और भूजल प्रबंधन में नाकामी ने भारत में भविष्य के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। आज धरती के 17 प्रतिशत लोग भारत में निवास करते हैं। 15 प्रतिशत जानवर हैं लेकिन मानक अनुसार साफ पानी के संसाधन केवल 04 प्रतिशत ही शेष है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 03 मीटर तक भूजल कम हो रहा है। यानी पाताल का पानी भी हर साल घटता जा रहा है। इसका सबसे अहम कारण है खेती के पारंपरिक तरीकों को छोड़कर कथित आधुनिक खेती जो 80 फीसदी जमीन के अंदर उपलब्ध पानी पर ट्यूबवेलों पर निर्भर है। भारत में हर साल 3880 बिलियन क्यूबिक मीटर (एक बिलियन यानी एक अरब) जल वर्षा में आता है। इसमें से केवल 699 बिलियन क्यूबिक मीटर जल ही हम शुद्ध रूप में उपयोग कर पाते हैं।असल में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमने विकास के नाम पर पुरानी जल संग्रहण व्यवस्था को नष्ट कर दिया है। 70 साल पहले गांवों और शहरों में अनगिनत तालाब और ऐसे ही अन्य जल संग्रहण इकाइयां थी आज बढ़ती आबादी के दबाब ने इन सभी को नष्ट कर दिया है। आधुनिक जल संग्रहण के प्रयास नेताओं और अफसरों के हवाले छोड़ दिये गए है इसमें जनभागीदारी नहीं के बराबर है। नतीजतन वर्षा जल संग्रहण में हम नाकाम हो चुके हैं। 1947 तक हर भारतीय के लिए करीब 60 लाख लीटर पानी सहजता से उपलब्ध था। 2011 में यह घटकर 15 लाख लीटर रह गया। 2031 में यह 13.50 लाख लीटर रह जायेगा। अनुमान है कि 2051 में यह घटकर करीब 11 लाख लीटर ही रह जायेगा। विशेषज्ञों के अनुसार जब प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 17 लाख लीटर से कम हो जाती है तो यह गंभीर जल संकट की श्रेणी में माना जाता है। स्पष्ट है कि हम भविष्य में विकराल जल संकट की ओर बढ़ चुके हैं।

# चेतना का वैज्ञानिक दृष्टिकोण

गौरतलब — **संजय गोस्वामी**

**जब** से मस्तिष्क गर्भ में विकसित होना शुरू होता है, तब से लेकर हमारे मरने तक, हमारे मस्तिष्क में कोशिकाओं के बीच संबंध हमारी बदलती जरूरतों के जवाब में पुनर्गठित होते हैं। यह गतिशील प्रक्रिया हमें विभिन्न अनुभवों से सीखने और उनके अनुकूल होने की अनुमति देती है। हमारा मस्तिष्क वास्तव में असाधारण है; कंप्यूटर के विपरीत, जो कुछ निश्चित विनिदेर्शों के अनुसार बनाए जाते हैं और समय-समय पर सॉफ़्टवेयर अपडेट प्राप्त करते हैं, हमारा मस्तिष्क वास्तव में सॉफ़्टवेयर अपडेट के अलावा हार्डवेयर अपडेट भी प्राप्त कर सकता है।

**मानव** या सजीव प्राणियों में चेतना का वर्णन करने के विविध एवं विभिन्न विधियाँ हैं तथा ये समस्त विधियां विभिन्न शोधकर्ताओं के हितों पर आधारित होती हैं अर्थात, मनोवैज्ञानिक, न्यूरोफि ज़ियोलॉजिस्ट, कंप्यूटर वैज्ञानिक, तत्वमीमांसा, दार्शनिक तथा भौतिक विज्ञानी इत्यादि। चेतना को व्यक्तिपरक, तत्काल या दूरस्थ ज्ञान के समुच्चय रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो प्रत्येक व्यक्ति के पास दुनिया व उसके स्वयं के बारे में है। मन, चेतना एवं मानव मस्तिष्क के मध्य समन्वय को जानने हेतु यह आलेख प्रकाश डालता है कि मनुष्य में अंतर्निहित क्वाण्टम आधारित तंत्र किस प्रकार कार्य करते हैं तथा यह भी प्रदर्शित करता है कि मानव में न्यूरोफिज़ियोलॉजी के समुचित सिद्धांत को विकसित करने हेतु क्वाण्टम स्तर पर आगे बढ़ना क्यों आवश्यक हो गया है। वास्तव में, मस्तिष्क व चेतना के मध्य, संबंधों को प्रमाणित करनेवाले और भी अधिक परिष्कृत परीक्षण के साधन उपलब्ध हैं। स्पष्ट रूप से, पिछली शताब्दी के समय चेतना के समस्त सिद्धांतों को उन मनोवैज्ञानिकों द्वारा समर्थित किया गया जो न्यूटन के शास्त्रीय यांत्रिकी पर आधारित, उन्नीसवीं शताब्दी के भौतिक विज्ञान की विशेषता लिए भौतिकवाद की ओर बढ़ रहे थे। ये आकलन इस बात को इंगित करने का प्रयास कर रहे हैं कि चेतना केवल भौतिक मस्तिष्क का कार्य है। यह भौतिकवादी मनोविज्ञान, जॉन वॉटसन (1916) द्वारा समर्थित था, जिन्होंने यह समझाने का प्रयास किया कि मनोविज्ञान, विज्ञान की एक विशुद्ध रूप से उद्देश्यपूर्ण प्रयोगात्मक शाखा है जिसके लिए कोई चेतना की आवश्यकता नहीं है। एक सैद्धांतिक दृष्टिकोण से, संभवतः अनुसंधान के इस क्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह मन, चेतना व मस्तिष्क के मध्य समन्वय को प्रमाणित करने के एक नए विज्ञान-आधारित मार्ग हेतु प्रयोगसिद्ध समर्थन प्रदान करता है। मस्तिष्क की कार्यात्मक गतिविधियों को समझने हेतु हाल ही में सभी प्रयास, शास्त्रीय भौतिकी के कुछ सिद्धांतों पर, वस्तुतः कम से कम प्रच्छन्न रूप से आधारित हो गए हैं, जिन्हें लगभग तीन दशकों से मौलिक रूप से असत्य माना जाता रहा था। भौतिक विज्ञान की उत्कृष्ट अवधारणा के अनुसार, समग्र अनियत संबद्धताओं व भौतिक अवलोकनीय मापदंडों के मध्य विवेचनाओं के भौतिक यथार्थ को यांत्रिक अंतःक्रियाओं के संदर्भ में व्याख्यायित अथवा विश्लेषित किया जा सकता है।

## आज का इतिहास

- डेनमार्क, स्वीडन और नार्वे के बीच कल्मार संघ की स्थापना 1397 में हुई।
- डोफिन की फ्रांस के राजा के रुप में ताजपोशी 1429 में की गई।
- बेल्जियम के घेंट क्षेत्र से यहूदियों को 1549 में निष्कासित कर दिया गया।
- नीदरलैंड, इंग्लैंड और फ्रांस ने 1609 में 12 वर्षों के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- इंग्लैंड, पुर्तगाल और फ्रांस ने 1712 में युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किया
- नवाब सिराजउद्दौला ने 50 हजार सैनिकों के साथ कलकत्ता (अब कोलकाता) पर 1756 में आक्रमण किया।
- बंकर हिल के युद्ध में ब्रिटिश सेना ने 1775 में अमेरिका की महाद्वीपीय सेना को हराया।
- नेपोलियन बोनापार्ट ने 1799 में इटली को अपने साम्राज्य में शामिल किया।
- भारतीय स्वतत्रंता संग्राम की नायिका झांसी की रानी लक्ष्मीबाई 1858 में शहीद हुई।
- फ्रांस का तोहफा स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी न्यूयॉर्क के बंदरगाह पर 1885 में पहुंचा।
- अमेरिका में नेवी हॉस्पिटल कॉर्प की स्थापना 1898 में की गई।
- महात्मा गांधी ने 1917 में साबरमती आश्रम के हृदय कुंज में अपना निवास बनाया।
- जॉर्ज पंचम ने 1917 में परिवार को उपनाम बदलकर विंडसर कर दिया। इससे पहले यह शाही
- परिवर जर्मनी शाही घराने 'साक्से कोबुर्ग एंड गोथा' के नाम से जाना जाता था
- सोवियत संघ ने 1929 को चीन के साथ कूटनीतिक संबंध समाप्त किए।
- जापान ने 1938 में चीन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- आइसलैंड को 1944 में डेनमार्क से स्वतंत्रता मिली।
- जर्मनी ने 1944 में द्वितीय विश्व युद्ध में समर्पण किया।

## सुविचार

अपने विषय में कुछ कहना प्रायः बहुत कठिन हो जाता है, क्यों कि अपने दोष देखना आपको अप्रिय लगता है और उनको अनदेखा करना औरों को।

**महादेवी वर्मा**

ताकतवर होने के लिए अपनी शक्ति में भरोसा रखना जरूरी है, वैसे व्यक्तियों से अधिक कमजोर कोई नहीं होता, जिन्हें अपने सामर्थ्य पर भरोसा नहीं।

**स्वामी दयानंद सरस्वती**

## अंकजाल - 7581



*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

*अंकजाल 7580 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## बल और बुद्धि में संतुलन जरूरी

**एक** बार बल और बुद्धि में विवाद हो गया। बल ने कहा,मैं बड़ा हूं। मेरे बिना कुछ भी नहीं होता। बुद्धि ने कहा,तुम किसी काम के नहीं हो। मैं बड़ी हूं। मेरे बिना तुम्हारी उपयोगिता ही क्या है? दोनों इस विषय पर उलझ गए। विवाद का निपटारा करने के लिए वे विवेक के पास पहुंचे। दोनों ने अपनी-अपनी श्रेष्ठता बताते हुए न्याय करने की प्रार्थना की। विवेक ने कहा,मेरे साथ चलो। मैं न्याय करूंगा। उसने अपने हाथ में एक हथौड़ा और लोहे की एक कील ली। वह कील मुड़ी हुई थी। विवेक उन दोनों को साथ लेकर चल पड़ा। वे तीनों एक वृद्ध व्यक्ति के पास पहुंचे। विवेक बोला,आप समझदार हैं, बुद्धिमान और अनुभवी हैं। हमारा एक छोटा-सा काम कर दें। यह लोहे की कील टेढ़ी हो गई। आप इसे सीधी कर दें। वृद्ध ने कहा-हां कर दूंगा। विवेक ने वृद्ध के हाथ में हथौड़ा थमा दिया। वृद्ध व्यक्ति ने हथौड़ा चलाना चाहा किंतु वह उसे चला नहीं सका। उसके हाथ इस कार्य को करने में असमर्थ थे। उसने हथौड़ा लौटाते हुए कहा,भाई, यह कार्य संभव नहीं है। विवेक ने बुद्धि से कहा,देखो, बुद्धिमान होते हुए भी यह वृद्ध इस छोटे से कार्य को नहीं कर सका। बुद्धि, बल और विवेक तीनों आगे बढ़े। विवेक ने देखा एक हट्टा-कट्टा जवान खेत में काम कर रहा है। वह शक्तिशाली था किंतु बुद्धिमान नहीं था।

# भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण भंडार

**प्रहलाद सबनानी**

**हाल** ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं।

पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है।

वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है। वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है।

## राशिफल

**मेष** — अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष** — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**मिथुन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कर्क** — सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह** — अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**तुला** — पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** — दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मकर** — मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मीन** — सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

# एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की 'मन की बात'

गौरतलब — **ऋतुपर्ण दवे**

**अपने** दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया। हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चर्चाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है।

**मोदी** मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एकबारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है।

यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### जिले के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी थाने/शस्त्रागार से ले सकेंगे अपना शस्त्र

**मेदिनीनगर** : जिले में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के पश्चात आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा के फलस्वरुप पलामू जिले में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञप्ति पर आधारित शस्त्रों को स्थानीय थाने व शस्त्रागार दुकान में जमा शस्त्र को मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। अत: सभी अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्र को स्थनीय थाना/शस्त्रागार दुकान से प्राप्त कर लें। ज्ञातव्य है कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करने के उद्देश्य से सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से उनके शस्त्र को स्थानीय थाने या शस्त्रागार में जमा करवाया गया था।

### चेकडेम में नहाने के दौरान डूबी बच्ची, मौत

**गुमला** : पालकोट प्रखंड के उतरी भाग पंचायत के शाही चट्टान गांव के दो सगी बहने गांव के बगल में नहाने के दौरान एक बहन की मौत। जानकारी के अनुसार बसिया थाना क्षेत्र के कोनवीर भंडार टोली गांव निवासी जोहन कुल्लू के दो बेटी आलमा कुल्लू 12 वर्ष, व अंजेला कुल्लू 7 वर्ष दोनों नाना नानी घर शाही चट्टान मेहमान आये थे और दोनों बहने रविवार के दोपहर गांव के बगल चेकडैम में नहाने गये थे उसी क्रम में दोनों बहने में चैकडम में नहा रहे थे उसी दौरान नहाते हुए गहरे पानी के तरफ चले गये और डुबने लगे इसी बीच ग्रामीणों को किसी से सुचना दिया और ग्रामीणों के मदद से दोनों बच्चे को चैकडेम से निकालते हुए पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को कोई भी चिकित्सक नहीं थे, दोनों बहनें को नर्सो के द्वारा ईलाज किया गया इस दौरान छोटी बहन अंजेला कुल्लू देंहात हो चुकी थी। इधर बडी बहनें आलमा कुल्लू को परिवार जनों के द्वारा एंबुलेंस को फोन करना पर एंबुलेंस गुमला में है।

### युवाओं में बढ़ रही नशे की लत से लोग परेशान

**हरिहरगंज/पलामू** : जिले के हरिहरगंज और पिपरा थाना क्षेत्र के कई इलाकों के युवाओं में नशे की बढ़ रही लत से एक ओर जहां अभिभावक परेशान है वहीं दूसरी ओर इस वजह से गांवों में घरेलू हिंसा, झगड़ा झंझट, बैवजह विवाद और अशांति को भी बढ़ावा मिल रहा है। बढ़ती नशाखोरी के कारण खासकर महिलाओं के प्रति हिंसा सर्व विदित है। इस संबंध में कई प्रबुद्ध लोगों ने बताया कि इन दिनों शहर से गांव तक महुआ शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है। जहां जाईए वहां शाम ढलते ही नशेड़ियों की झुंड शराब के अड्डे पर ग्रुप में शराब पीते मिल जायेंगे। जानकारों का कहना है कि दिन भर मेहनत मजदूरी करने के बाद जब शाम ढलती है तो नशे की गिफ्ट में समा चुके युवा (मजदूर) आधा से अधिक कमाई को शराब में ही गवां देते हैं। जब वे नशे की हालत में घर पहुंचते हैं तो महिलाओं और बच्चों को न जानें क्या क्या सुनना पड़ता है। ऐसे में भला किसी घर की तरक्की कैसे हो सकती है। कई शिक्षकों ने भी बताया कि इस हाल में सामाजिक माहौल कैसे सुधरेगा। उन्होंने कहा कि अगर युवाओं, बच्चों और महिलाओं का भविष्य संवारना है तो ईमानदारी से मेहनत कर जो कमाई गई है उसका सदुपयोग करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना होगा।

### क्षत्रिय महासभा हत्यारे को पकड़नेवाले को देगी एक लाख

**पलामू** : हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में क्षत्रिय महासभा गंभीर है। इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने जिला प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी करने की मांग की है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जब तक गिरफ्तार करवाकर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड-बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा।

## ईद-उल-अजहा त्योहार को लेकर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें बकरीद : शंभु कुमार

■ टोटो के सदर सलीम मियां ने बताया कि टोटो स्थित बकरीद की नमाज मस्जिद हेरा में सुबह 7:15 बजे, सुनहरी मस्जिद में 7:30 बजे व जमा मस्जिद में 7:45 पर पढ़ी जायेगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : थाना परिसर गुमला में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक ईद-उल-अजहा त्योहार को लेकर सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर विभिन्न समाज के समाजसेवी अंजुमन इस्लामिया गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए। उक्त बैठक में मुख तीन बिंदुओं पर शांति समिति के सदस्यों द्वारा पेयजल बिजली एवं सफाई जैसे बुनियादी मुद्दों पर बातें रखी गयी। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर, सचिव द्वारा गुमला शहर में विभिन्न मस्जिदों और सिसई रोड स्थित ईदगाह में नमाज का समय सारणी बताया गया।



साथ ही इस मौके पर वार्ड नंबर 4 के नालियों में गंदगी और लंबे-लंबे झड़ी को हटाने की बात कही गयी। इसी प्रकार घाटो बगीचा कब्रिस्तान के समीप पूरा करकट हटाने इस प्रकार आजाद बस्ती के गौसुल वारा मस्जिद राजा कॉलोनी के ट्रांसफार्मर के समीप बाजार तांड वह अन्य जगह पर सफाई कराने की बात रखी गई साथी विभिन्न




महलों में बिजली के तार आदि को दुरुस्त लाइट की बात रखी गयी, इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी सेक्रेटरी मकसूद आलम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा दीप नारायण उरांव आशिक अंसारी निर्मल कुमार गोयल अमर प्रदीप कुजुर अकिल रहमान, मोहम्मद लड्डुन हिमांशु आनंद केसरी दिनेश कुमार अग्रवाल राजेश सिंह शहजाद अनवर राजू कुमार अग्रवाल गौरी देवी अफसर आलम मोहम्मद मेराज सरजू प्रसाद साहू टोटो से सलीम मियां सदा अंजुमन सकलू मेहता मोहम्मद जलील शंभु प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मत्स्य उत्पादकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभाग लगातार कर रहा है कार्य : दिव्या

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार**: जिला मत्स्य पदाधिकारी के नेतृत्व में विभाग मछली पालन से जिले के मत्स्य कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए कई स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला मत्स्य विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त 260 मत्स्य बीज उत्पादकों के बीच 90 फीसदी अनुदान पर मत्स्य स्पॉन वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला मतस्य पदाधिकारी दिव्या गुलाब ने बताया की 6350 मत्स्य स्पॉन 230 सामान्य व अनुसूचित जनजाति और 30 अनुसूचित जाति के लिए। इसके साथ उत्पादकों को फीड और जाल भी साथ में दिया जाएगा।



वहीं मछली सह बत्तख पालन में चार यूनिट के लिए तीन यूनिट एससी एसटी एवं महिलाओं के लिए 80 फीसदी अनुदान पर एवं लाभुकों का अनुदान 20 फीसदी होगा और सामान्य के लिए एक यूनिट राज्य सरकार का अनुदान 70 फीसदी एवं लाभुकों का अंशदान 30 फीसदी होगा। फीड बेस्ड फिशरीज में 50 प्रतिशत अनुदान अथवा अधिकतम 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से अनुदान देय होगा।

## ज्ञान व विवेक की देवी हैं माता गायत्री : लव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : अखिल भारतीय गायत्री परिवार के द्वारा प्रज्ञा कुंज चन्दनडीह में माता गायत्री की जयंती मनाई गई।इस दौरान हवन पूजन कर गायत्री मंत्र का जाप किया गया। साथ हीं गंगा दशहरा भी मनाया गया।इस अवसर पर लव कुमार तिवारी ने कहा कि मान्यताओं के अनुसार, देवी गायत्री ब्रह्म के सभी अभूतपूर्व गुणों की अभिव्यक्ति हैं। इन्हें हिंदू त्रिमूर्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। देवी गायत्री को सभी देवताओं की माता और देवी सरस्वती, देवी पार्वती, देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। साथ ही समस्त वेदों की देवी और वेद माता के नाम से भी जानते हैं। इन्हीं गायत्री माता की जयंती, गायत्री जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह भी मान्यता है ऋषि विश्वामित्र ने ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन ही गायत्री मंत्र आम जनता को समर्पित किया था, इसलिए इस दिन गायत्री माता की पूजा कर गायत्री जयंती मनाई जाती है। भक्त गायत्री माता की विशेष पूजा-अर्चना करके और गायत्री मंत्र का जाप करके इस पर्व को मनाते हैं।

**माता गायत्री की पूजा का महत्व**

**माता** गायत्री की पूजा से बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होती है। जीवन में सकारात्मकता आती है। गायत्री मंत्र को सिद्ध करने वाले व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है और इनके आशीर्वाद से भक्त के चारों ओर रक्षा कवच बन जाता है, जिससे कोई भी बुरी शक्ति भक्त का बाल बांका नहीं कर पाती। गायत्री मंत्र के जाप से मनुष्य की आध्यत्मिक चेतना का पूर्ण विकास होता हैं।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय में ज़िला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों में संचालित आवासीय एवम डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षु खिलाडियों के माध्यम से समाज में जागरूकता हेतु 19 जून से 26 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।इसके तहत तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता,योग कार्यक्रम, पेंटिंग, युवा संगोष्ठी, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता,ड्राइंग कंपटीशन, साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# बंदियों को दी गयी कानून की जानकारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : मंडल कारा लातेहार में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया और एसडीजेएम प्रणव कुमार ने बंदियों को कानून की बुनियादी जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को उनके मुकदमें की स्थिति की जानकारी, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद और सुलहनीय वादों की विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान शिवम चौरसिया ने बंदियों की समस्याएं सुनी और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बंदियों को हर संभव सहायता देने के लिए प्राधिकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलह के आधार पर समाप्त करने की जानकारी दी। कहा कि वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में असमर्थ है उनको सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है।

## सांसद ने दिया मानवता का परिचय

**लातेहार** : चतरा लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने सड़क दुर्घटना के शिकार युवकों को अस्पताल पंहुचा कर मानवता का परिचय दिया। ज्ञात हो कि लातेहार में आयोजित भाजपा की लोकसभा स्तरीय बैठक में शामिल होकर श्री सिंह चतरा लौट रहे थे। इसी क्रम में सांसद का काफिला जैसे ही बालूमाथ के ओल्हेपाट पहुंचा, वहां उन्होंने पुल के समीप घायल अवस्था में सड़क पर पड़े तीन युवकों को देखा। सांसद ने यह देखकर अपनी गाड़ी रोक कर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को फौरन इलाज के लिए बालूमाथ अस्पताल भेजवाया। यहां घायलों का इलाज किया गया।

## ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता : अनीता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा रविवार को बालूमाथ प्रखंड के धाधु, खरटिया, भैंसदोन नीचे टोला इत्यादि गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास में प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। एक-एक आवास में 15000 तक की मांग की जा रही है 'जिस पर उपाध्यक्ष ने वहीं से बीडीओ सोमा उरांव से बात की। बीडीओ ने बताया कि यदि कहीं से यह शिकायत आती है कि कोई बिचौलिया या अन्य सरकारी कर्मी अबूआ आवास योजना के नाम रुपए की मांग करता है तो इसकी सूचना उन्हें अवश्य दें।



इस दौरान प्रखंड समन्वयक से भी बात कर हिदायत दी गयी कि यदि दोबारा कोई व्यक्ति रुपए की मांग करेगा तो कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आपको यह शपथ लेने की जरूरत है की आवास योजना में किसी भी व्यक्ति या सरकारी कर्मी को किसी भी हाल में रुपए नहीं दें। वहीं ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत बन रहे जलमीनार की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पूरे पंचायत में बनाए गए अधिकांश जलमीनार खराब पड़े हैं ' कई जलमीनार सिर्फ दिखावट की वस्तु बन कर रह गए हैं। जिस पर उपाध्यक्ष ने तुरंत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार से बात की और तुरंत अपना प्रतिनिधि भेजने का निर्देश दिया। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गये न्यायिक हिरासत में



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ थाना काण्ड संख्या 24/24 दिनांक - 15.05.2024 धारा-302/201/34 भा०द०वि० वादी सीता राम पे०- स्थ० सरजू राम सा०- इस्लामनगर बभंडी थाना रामगढ़ जिला पलामू के फर्दव्यान के आधार पर वादी के पिता स्व० सरजू राम की हत्या अज्ञात अपराधकमीयों के द्वारा किये जाने के पश्चात साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को घटनास्थल के पास के कुआं में डाल दिए जाने के आरप में प्रतिवेदित कराया गया है। हत्या जैसे जघन्य अपराध का उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, पलामू मणिभूषण प्रसाद के निदेशानुसार अनु०कर्ता द्वारा घटनास्थल के आस-पास के ग्राम चौपरिया, लमटी, बभंडी, इस्लाम नगर इत्यादि जगहों पर गुप्तचर की तैनाती किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर के माध्यम से ज्ञात हुआ की मृतक काफी दिनों पूर्व से ओझा-गुणी का काम करते आ रहा था

## महिलाएं आगे आयें, 33 प्रतिशत बिल पास : अरुणा शंकर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : गंगा दशहरा के दिन पलामू सौडीक समाज मेदिनीनगर की एक अहम बैठक होटल ज्योतिलोक में समाज के अध्यक्ष श्री सतीश साहू की अध्यक्षता में डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए कई गणमान्य लोगों के साथ रखी गई ' बैठक मैं मुख्य अतिथि के तौर पर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर उपस्थित थी जिन्हें समाज की ओर से अध्यक्ष श्री सतीश साहू एवं सतबरवा से आई भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया ' बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सतीश साहू ने कहा हमारे समाज के लोग शहर से लेकर हर छोटे से छोटे गांव में बसे हैं जो समाज की अर्थव्यवस्था बनाए रखने एवं कई लोगों को रोजगार देने में अहम भूमिका निभा रहे ' हमारे लोग जहां शहर में बड़े व्यवसाइ के रूप में स्थापित है वही गांव गांव में साव जी के नाम से प्रचलित गांव घर के हर सुख दुख में खड़े नजर आते। डाल्टनगंज क्षेत्र में हमारे जाति की संख्या बढ़ते जा रही क्योंकि प्रमंडल मुख्यालय होने के नाते दूर दराज से कई परिवार बच्चों को एजुकेशन ,व्यवसाय करने के लिए तेजी से शहरी क्षेत्र में बस रहे। श्री सतीश साहू ने कहा 2017 में हम सबों ने केवल डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा का सर्वेक्षण कराया था जिसका आंकड़ा लगभग 22 हजार से ऊपर था।

## हंगामा के बीच रंजीत चुने गये तैलिक साहु समाज के जिला अध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : तैलिक साहू समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव होटल कार्निवल जुबली रोड में रविवार को किया गया। सभापति राजेंद्र प्रसाद के सभापतित्व और पलामू प्रमंडलीय नेता रामदास साहू की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकताओं के बीच जिला अध्यक्ष का के नाम की घोषणा की गयी। मंच का संचालन करते हुए कौशल किशोर मंटू ने विषय प्रवेश करवाया। प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा पहले पंचायत, उसके बाद प्रखंड और बाद जिला कमेटी का चयन करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। युवाओं का एक दल पहले जिला अध्यक्ष का चुनाव कराने पर आमादा हो गया। काफी हो




हंगामा के बीच आठ उम्मीदवारों ने अपना जिला अध्यक्ष के पद पर उम्मीदवारी का दावा पेश किया। इनमें विवेकानंद प्रसाद, रामकुमार प्रसाद ,देवानंद प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद ,जितेंद्र साह, पुरुषोत्तम साहू, मुंशी साव एवं रंजीत साहू का नाम शामिल है।

## उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# एमएमसीएच परिसर में सक्रिय बिचौलियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राय: ऐसी शिकायतें मिल रही है कि एमएमसीएच या अन्य सरकारी हॉस्पिटल में इलाज कराने आनेवाले मरीजों को एमएमसीएच के आसपास सक्रीय बिचौलियों द्वारानिजी हॉस्पिटल में इलाज हेतु जाने के लिये प्रेरित कर रहें हैं इस कार्य को किसी किमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके अलावे अगर इस कार्य में कोई सरकारी डॉक्टर की भूमिका पायी गयी तो उनके विरुद्ध भी सीधी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने डीडीसी को एमएमसीएच में कार्यरत चिकित्सकों का रोस्टर बनाने,कौन होम गार्ड की तैनाती कहाँ है इसका आकलन करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम-एबीएचआईएम एवं 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे निर्माण की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि तय समय सिमा के अनुसार जो संवेदक कार्य पूर्ण नहीं किया है उसे ब्लैक लिस्टेड



की कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने नगर आयुक्त को सभी पुराने भवनों को डीमोलिश करने की बात कही।

**लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में डेवलप करने के निर्देश**

**बैठक** में उन्होंने विभिन्न बिंदुओं को लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने की बात कही।उन्होंने कहा कि पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सोलर आधारित एनर्जी पर क्रियान्वित किया जासके इसके लिये योजना बनाएं।

**आयुष्मान का कवरेज बढ़ाने के निर्देश**

उन्होंने सिविल सर्जन व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर को जिले में आयुषमान भारत का कवरेज बढ़ाने की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने डॉक्टर मैनेजमेंट सेल,एचआर सेल, प्रशिक्षण सेल,स्टोर सेल,मशीनरी सेल,वैक्सीनेशन सेल,पीएसए प्लांट सेल,आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया।मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## एक झलक

### लोहरदगा के चूल्हा पानी में मनाया गंगा दशहरा

**लोहरदगा :** देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम दामोदर बचाओ आंदोलन, नेचर फाउंडेशन, देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट, युगांधर भारती एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नदी पूजन, हवन एवं आरती के पश्चात भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। चूल्हा पानी एवं लोहड़ी बाबा का दर्शन कर सैकड़ों लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू प्रवेश कुमार साह ने कहा कि स्वच्छ जल से ही स्वच्छ जीवन संभव है। इसे स्वच्छ बनाए रखें ताकि यह धरोहर हमारे आनेवाले पीढ़ी के लिए काम आए। दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि यदि हमें जल का संरक्षण करना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से संदेश देना चाहते हैं कि सभी अपने जन्मदिन एवं परिजनों के जन्मदिन पर एक-एक पौधे लगाएं। उपस्थित लोगों ने पौधे लगाने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बीडीओ की बेटी ने गले में फंदा डाल कर की खुदकुशी

**लोहरदगा :** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकारी आवास में बीडीओ की बेटी तमन्ना तिर्की (18) ने शनिवार देर रात आत्महत्या कर ली। तमन्ना रांची ऊर्सलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल की छात्रा थी। इस वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार अजय तिर्की सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार प्रखंड में बीडीओ के पद पर कार्यरत हैं और उनकी बेटी रांची में रहती थी। स्कूल में छुट्टी होने के कारण वो मां-पापा के पास पेशरार आई थी, जहां कुछ दिनों से उन्ही के साथ रह रही थी। घटना के दिन बीडीओ अजय तिर्की मीटिंग में गए थे और मां बाजार गई हुई थी। घर में खुद को अकेले पाकर तमन्ना ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पेशरार थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के एसडीओ अमित कुमार ने सदर अस्पताल पहुंच घटना का जायजा लिया। इस मामले में किस्को सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

### लतौना के आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए पंचायत स्तर पर तैयारी

**गोड्डा :** झारखंड पंचायती राज विभाग ने जिले के पथरगामा प्रखंड के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित ग्राम पंचायत लतौना को आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए चयन किया है। इस बाबत पंचायत सचिवालय लतौना में दिल्ली से आए हुए प्रशिक्षक अशोक त्यागी, राजू कुमार सहित उनकी टीम ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत स्तरीय कर्मियों को प्रशिक्षण दिया और आईएसओ के मानकों को पूर्ण कर ग्राम पंचायत को जल्द से जल्द आईएसओ प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत बनाने के लिए कार्य करने को कहा।

## जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# पैसे के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित न रहे : सीजेएम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक डंडाधिकारी कोडरमा अमित कुमार बैश, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, एसडीजेएम कोडरमा कंचन टोपनो एवं एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर कैदियों को जानकारी देते हुए सीजेएम अमित कुमार वैस ने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। यहां से निकालकर समान नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। यहां से निकलने के उपरांत अपनी गलतियों से सबक लेकर आप सभी आगे गलती न करने का प्रण ले। वही एलएडीसी ने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है। मौके पर बंदियो को बताया गया कि समय सीमा के अंदर यदि चार्जसीट पुलिस के द्वारा दाखिल नहीं किया जाता है तो आपको जमानत प्राप्त करने का अधिकार है । मौके पर वैसे दो बंदियों को चिन्हित भी किया गया। और उनको उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। वही शिविर में उपस्थित अन्य बंदियों को भी उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई । जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे , वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। मौके पर ही यह भी जानकारी प्राप्त की गई कि वैसे कितने बंदी हैं जिनकी जमानत तो हो गई है लेकिन वह जमानतदार के अभाव में अभी तक बाहर नहीं जा सके हैं। साथ ही वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है , वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गई। मौके पर एलएडीसी के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा, जेलर अभिषेक कुमार, ललन चौधरी, न्यायालय कर्मी रंजीत कुमार सिंह, राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

जेल में बंदियों को दी गयी कानून की जानकारी



## मस्जिदों में आज अदा की जायेगी ईद-उल-अजहा की नमाज, तैयारी में जुटा मुस्लिम समाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा :** कुबार्नी का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) सोमवार को मनाया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के लोग इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। बकरीद को लेकर चक्रधरपुर के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दुकान लगाई गयी है। जहां सेवइयां, लच्छे, टोपी आदि तरह-तरह के सामान बेचे जा रहे हैं। कुबार्नी के लिये मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरे की भी खरीदारी की। रविवार को चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार में बकरा 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक बिका। चक्रधरपुर के जामा मस्जिद, मस्जिद-ए - अहलेहदीस, मस्जिद-ए-नूर, मस्जिद- ए-उमर, मस्जिद-ए-रजा, नूरानी मस्जिद, मदीना मस्जिद, मस्जिद-ए-आयेशा, लोको मस्जिद, मस्जिद-ए-बिलाल, देवगांव ईदगाह, मस्जिद-ए-रजा नूरी, मस्जिद-ए-शम्सी, सिमिदिरी मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज सामूहिक रूप से अदा की जाएगी।

### 36 रेलवे क्वार्टरों में सात दिन से जलापूर्ति ठप्प

**चाईबासा :** चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाजामदा रेल क्वार्टर में रहने वाले लोग इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। बड़ाजामदा के 36 रेलवे क्वार्टरों में पिछले 10 जून से जलापूर्ति ठप है। ऐसा बोरिंग के समरसेबल पंप के खराब रहने के कारण हो रहा है। इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे । बड़ाजामदा क्षेत्र से रिकार्डतोड़ लौह अयस्क की ढुलाई कर रेलवे अरबों रुपये कमाती है लेकिन रेलवे द्वारा इस समस्या को नजरअंदाज किए जाने से रेलकर्मी व उनके परिजन परेशान हैं। रेलकर्मियों ने बताया कि रेलवे के अधिकारी ब्रांच लाइन में काम करने वालों की परेशानी को दूर करने में कोई खास रूचि नहीं दिखाते हैं। यही वजह है कि भीषण गर्मी में रेलवे ने अपने कर्मियों और उनके परिजनों को बिना पानी के जीने को मजबूर कर दिया है।

## बालू लोड 06 ट्रैक्टर जब्त, वाहन चालक फरार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जयनगर :** प्रखंड विकास पादाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी जयनगर, एवं थाना प्रभारी, जयनगर सहित जयनगर पुलिस बल के साथ अवैध बालू खनन को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में सुबह 6:20 बजे जयनगर अंचल अंतर्गत ग्राम लतबेधवा हाई स्कूल के पास बालू खनिज लदे 3 ट्रैक्टर को आते देखा गया जबकि छापेमारी दल को देखकर वाहनों के चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। इसी क्रम में सुबह करीब 8:00 बजे जयनगर अंतर्गत बराकर नदी ग्राम धरायडीह घाट पर भी छापेमारी की गई जहां करीब 7-8 ट्रैक्टर बालू लोड करने के लिए लगे हुए थे, छापेमारी दल को देखते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगे जिस क्रम में तीन ट्रैक्टर को बालू घाट पर पकड़ा गया परन्तु सभी ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे। छापामारी के क्रम में कुल छः ट्रैक्टर पकड़े गए। सभी वाहनों को बिना चालान/ कागजात के कारण पकड़ा गया है तथा नियमानुसार समुचित कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी जयनगर द्वारा जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को सूचित किया गया है। अवैध बालू खनन को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है ऐसे में निकट भविष्य में भी इस तरह के और भी छापामारी अभियान जारी रहेंगे।



## शव के साथ ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, मुआवजे की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी में रविवार को ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मारे गए युवक के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। पटना रांची रोड को जाम किये जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी।वहीं यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। शनिवार देर शाम लोचनपुर पुल के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। युवक उपेंद्र कुमार रजक ( 25 ) लोचनपुर लखीबागी का निवासी था। घटना के बाद रविवार को कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इधर परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम में सैंकड़ों वाहन कई घण्टे तक फंसे रहे। बाद में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और थाना प्रभारी सुजीत कुमार के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।

## महिला से दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस ने महिला से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित बलजीत यादव राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव का रहने वाला है। उस पर गांव की ही एक महिला ने उधार नहीं चुकाने पर पिस्टल दिखाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता के आवेदन पर उसके खिलाफ महिला थाने में कांड संख्या 9/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने दलबल के साथ शनिवार की शाम गड़िया गांव पहुंच कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पीड़िता के मुताबिक, उसके पति ने बलजीत यादव से 20 हजार उधार लिया था। हर माह ब्याज के साथ पैसे दे रहे थे। इसके बावजूद आरोपित घर पहुंच कर तरह-तरह की धमकी दे रहा था। इस बीच 18 मई की शाम सात बजे बलजीत उसके घर पर आया और पिस्टल दिखा कर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने डरकर पति को घटना की जानकारी दी। पति के साथ 22 मई को महिला थाना पहुंच कर आवेदन दिया। महिला थाना प्रभारी ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करने के बजाय आरोपित को नोटिस भेजा। आरोपित पर कार्रवाई नहीं हुई तो 13 जून को फिर थाने जाकर न्याय की गुहार लगायी, जहां से उसे भगा दिया गया। इसपर मामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद 14 जून को मामला दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया गया।



## सिमडेगा में नशे के चार सौदागर गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिमडेगा :** पुलिस ने चार लोगों को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में शशांक मिश्रा, उदय प्रसाद मेहता, श्रधाकर नायक उर्फ साधु दादा एवं सुदाम मल्लिक शामिल हैं। सिमडेगा पुलिस ने आज बताया कि शनिवार को जानकारी मिली थी कि एक अंतर्राज्यीय गिरोह द्वारा सिमडेगा के रास्ते भारी मात्रा में गांजा का परिवहन किया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान सफेद रंग के एक वाहन से 154.910 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस प्रकरण में संलिप्त चार व्यक्तियों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपितों ने झारखण्ड, बिहार एवं अन्य राज्यों में गांजा की तस्करी करने की बात को स्वीकार किया है।

### धनबाद मंडल ने चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान व विशेष टिकट चेकिंग अभियान

## 07 लाख 77 हजार 620 रुपये जुर्माने की वसूली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**कोडरमा :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 15.06.24 को धनबाद- चन्द्रपुरा- कोडरमा खण्ड में मजिस्ट्रेट महोदय की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई इस जांच अभियान में कुल 1534 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 07 लाख 77 हजार 620 रुपये जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गयी। चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



## गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद ट्रेन में गूंजी बच्चे की किलकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ट्रेन में अपने पति के साथ गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद ट्रेन में बच्चे की किलकारी गूंजी है उत्तर प्रदेश के पितांबरपुर से कोडरमा तक कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस के जनरल कोच में अपने पति और सास के साथ यात्रा कर रही महिला को रविवार की सुबह 6:00 बजे के बाद अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई इसके बाद कोच में मौजूद महिला यात्रियों के सहयोग से महिला का सुरक्षित प्रसव ट्रेन के भीतर कराया गया ट्रेन में महिला का प्रसव होने की जानकारी यात्रियों ने रेलवे की हेल्पलाइन नंबर पर दी जिसके बाद रेलवे कंट्रोल के द्वारा इसकी सूचना कोडरमा स्टेशन को दिया गया कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस 8:00 बजे कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर रेलवे के डॉक्टर और रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की महिला आरक्षी के द्वारा महिला को अटेंड किया गया और सुरक्षित कोच से नीचे उतारा गया इसके बाद रेलवे के चिकित्सक ने नवजात शिशु की जांच की जांच के दौरान चिकित्सक ने शिशु की स्थिति सामान्य बताया और उसे बेहतर चिकित्सा के सुविधा के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि परिवार योग समिति की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर एक बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र मोदी के अगुवाई में हुई, बैठक में मुख्य अतिथि योगाचार्य सुषमा सुमन उपस्थित थी बैठक का संचालन डॉ नीरज शाह कर रहे थे, सुषमा सुमन ने बताया की दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महिला सशक्तिकरण 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस होगी, इसलिए मातृशक्ति घर-घर जाकर सभी लोगों को 21 जून को योग शिविर में आने के लिए निमंत्रण देंगे और , पर्यावरण असंतुलित हो रही है उसके लिए पेड़ पौधा भी उस दिन निशुल्क वितरण होगा सुषमा सुमन ने बताया कि हजारों की संख्या में महिलाए उपस्थित होंगे इसकी तैयारी व्यापक रूप से कि जा रही है ,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन में मुख्य अतिथि होंगी शालिनी गुप्ता, प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अच्छे ढंग से हो इसके लिए कमेटी बनाया गया जो कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी और सचिव डॉक्टर नीरज शाह कोषाध्यक्ष राजेंद्र बरनवाल और संगठन सचिव श्री संजय बरनवाल और उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ,कमेटी के कार्यकारणी सदस्य किशुन लाल साव, सुभाष गुप्ता विजय मोदी अनिल गुरु रणधीर साहू सतीश सिंह अजय कुमार विक्रम कुमार अशोक प्रसाद मोदी सहदेव प्रसाद वर्मा सीमा देवी संगीता देवी बबीता देवी सविता देवी ज्योति देवी नमिता बरनवाल उत्तम कुमार रामचंद्र यादव गोपाल शर्मा उपेंद्र दुबे सुभाष प्रसाद बरनवाल और सभी का सहयोग रहेगा जिसमें पतंजलि परिवार पतंजलि के योग शिक्षक, पतंजलि परिवार के सभी लोग घर-घर जाकर निमंत्रण देंगे।



## गिरिडीह में पकड़े गये जमशेदपुर से सुमो वाहन लेकर भागे दो बदमाश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह :** औद्योगिक नगरी जमशेदपुर से सुमो गोल्ड कार की चोरी कर गिरिडीह पहुंचे दो अपराधियों को नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरफ्तारी से पहले दोनों इसी सुमो गोल्ड से पपरवाटांड में पुलिस को चकमा देकर टोल टैक्स वसूली बैरियर को तोड़ कर फरार हो गए थे। बैंगाबाद जाने के दौरान पुलिस ने इलाके में नाकेबंदी कर नगर थाना इलाके में ऑपरेशन चलाते हुए दोनों को मेट्रोस गली से दबोचा। दोनों के पास से चोरी की सुमो गोल्ड गाड़ी बरामद हुई है। बताया गया कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना पुलिस ने रविवार को शहर के मेट्रोश गली से दोनों अपराधियों को सुमो गोल्ड गाड़ी के साथ दबोचा। पुलिस दोनों अपराधियों से पूछताछ कर रही है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ डकैती के कई केस पहले से दर्ज हैं। दोनों कुछ दिनों पहले वाहनों की चोरी के आरोप में जमशेदपुर के जेल से जमानत पर बाहर आए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में जमशेदपुर के मानगो थाना इलाके के अलबेला गार्डन रोड निवासी मोहम्मद सफीक अली और मानगो के उलीडीह निवासी राशिद हुसैन उर्फ चिकना शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक चिकना के खिलाफ उलीडीह में हत्या और रंगदारी मांगने के साथ फायरिंग करने के केस दर्ज हैं। जमशेदपुर से गाड़ी चोरी कर गिरिडीह क्यों आए, इसका पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

## एक झलक

### पत्नी से कलह के बाद पति ने दी जान

**नवादा** : नवादा में रविवार को पत्नी के घरेलू कलह किए जाने से तंग आकर एक पति ने आत्महत्या कर ली है। घर में हीं फांसी की फंदा से लटककर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद पूरा परिवार शोक में है और रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजी है। यह घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बिहटा गांव की है ।पति-पत्नी में विवाद हुआ तो पति ने गुस्से में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन में कोहराम मचा गया। मृतक व्यक्ति की पहचान बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान के रूप में हुई है। मृतक के भाई छोटेलाल चौहान ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में हमेशा विवाद हुआ करता था। रविवार को उनकी भाजी शिव परिचर्या में गयी हुई थी। रात्रि में उनके पति ने कहा था कि मैं थका हूँ ,थोड़ा शरीर में तेल लगा दो। इतने में पत्नी आगबबूला हो गयी और घर में लड़ाई -झगड़ा करने लग गयी। उसके बाद पति गुस्से में आकर अपने घर में सो गया । रविवार को चुपके से फांसी लाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक है। पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि एक व्यक्ति की आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना मिली ।जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### नेपाल बार्डर से 1652 किलो जानवर की हड्डी किया बरामद

**पूर्वी चंपारण** : जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के गुआबारी पोस्ट पर तैनात एसएसबी 20वीं वाहिनी के जवानों ने भारत नेपाल सीमा पर 1652 किलो जानवर की हड्डी बरामद की है। इन हड्डियों को उनसठ प्लास्टिक की बोरियों में भरकर बलुआ गांव में भारत नेपाल सीमा के करीब पचास मीटर भीतर बांस की झाड़ियों में छिपाया गया था। गश्ती दल का नेतृत्व उप निरीक्षक रविकांत कर रहे थे। 20वीं बटालियन के कमांडेंट ने बताया कि भारत नेपाल बॉर्डर के पिलर संख्या 346/06 बलुआ गांव के निकट से कुल 59 बोरो में रखा हड्डी की खेप को बरामद किया गया है। प्रत्येक बोरी का वजन 28 किलोग्राम है। यह किस उद्देश्य से रखा गया था। इसकी जानकारी ली जा रही है। बरामद हड्डियों को कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया है ।मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

### पिकअप वैन की टक्कर में मजदूर की मौत

**बेतिया** : पश्चिम चंपारण ज़िला मे पिकअप वैन और बाइक की टक्कर से युवक की मौत हो गयी है। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामला मैनाटाड़-बेतिया मुख्य पथ अंतर्गत पूर्वी पकुहवा गांव के पास का है। मृतक युवक की पहचान मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी धनवंत कुमार के रूप में की गयी है। जबकि दूसरा घायल बाइक सवार रमपुरवा के ही बलिराम कुशवाहा है। प्राप्त खबर के मुताबिक पुरूषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के सगरौवा गांव में छत की ढलाई में काम करके धनवंत कुमार और बलिराम कुशवाहा एक ही बाइक से अपने घर रमपुरवा लौट रहे थ

### गया में बेखौफ चोर 10 लाख चुरा कर हुये फरार

**गया** : बिहार के गया में इन दिनों चोरियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बीती रात 1 बजकर 40 मिनट पर बेखौफ चोर 10 लाख चुरा कर फरार हो गये। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह मामला विष्णुपद थाना क्षेत्र के गोवर्धन बिहार का है। अनूप नारायण और उनकी पत्नी अपने कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2 बजे उनकी पत्नी की नींद खुली तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। इसके बाद पत्नी ने किराएदार को फोन किया तो उसका भी दरवाजा बंद था। इसके बाद पड़ोसी को फोन किया। तब पड़ोसी के 2 बेटों ने दीवार से कूद कर दरवाजा खोला। फिर कमरे से बाहर आए तो पीछे की तरफ की सीढ़ी में लगा ताला गायब था। वहीं उनके बेटे के कमरे का दरवाजा खुला था।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने दिया निर्देश

# सामाजिक सौहार्द से मनायें, सार्वजनिक स्थल पर न करें कुर्बानी

एजेंसी

**बेगूसराय** : कल ईद उल अजाह (बकरीद) का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दिन मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की राह में कुबार्नी पेश करते हैं। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बकरीद को लेकर जिला प्रशासन से खुले में बकरों को जिबाह (काटने) पर रोक लगाने की मांग की। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद गिरिराज सिंह पहली बार बेगूसराय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बेगूसराय समेत देश के सभी जिला प्रशासन से एसपी, डीएम से आग्रह करूंगा कि । सार्वजनिक जगह पर बकरों की कुबार्नी न की जाए। खुले में कुबार्नी



करने वालों को रोकना प्रशासन का काम है, क्योंकि सामाजिक सौहार्द ही सबसे बड़ी चीज है। नीट परीक्षा को लेकर विपक्ष के आरोप पर गिरिराज ने कहा कि देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल और अभिभावकों से बात की है। जो 1500 बच्चे हैं, उन बच्चों के ऊपर निर्णय लिया है। देश को बता दिया है, उन छात्रों के अनुरूप ही निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है, शिक्षा मंत्री गंभीरता से काम कर रहे हैं।इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री सिंह ने कपड़ा मंत्रालय संभालने के बाद उसके कामकाजों की चर्चा करते हुए कहा कि एग्रीकल्चर के बाद टेक्सटाइल सबसे बड़ा रोजगार वाला सेक्टर है। इसमें किसान का कॉटन, यार्न, टेक्सटाइल, होजियरी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट है। यह एक रोजगार देने वाला बड़ा सेक्टर है। हमारा लक्ष्य है कि 4.5 करोड़ के वर्क फोर्स को 2024-25 के फाइनेंशियल ईयर में पांच करोड़ तक, यानी 50 लाख एडीशनल वर्क फोर्स कैसे जोड़ें, इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। गिरिराज ने कहा कि देश में यह एक सर्वाधिक एक्सपोर्ट वाला विभाग है उन्होंने कहा कि बिहार के विभाग के मंत्री और सचिव के साथ बैठक की है। सभी अधिकारी बेगूसराय आए हैं। हमने रोड मैप तैयार किया है कि बिहार में क्या-क्या करना है। मुजफ्फरपुर को टैक्सटाइल हब के रूप में विकसित करने की योजना है। बेगूसराय में भी नया इंडस्ट्रियल एस्टेट में केवल 90 हजार स्क्वायर फीट में प्लग एंड प्ले मोड में बन रहा है। यहां रेडीमेड गारमेंट में रोजगार के बड़े अवसर हैं।

## नीट पेपर लीक मामला : छात्रों ने किया प्रदर्शन



एजेंसी

**पटना** : नीट परीक्षा में पेपर लीक मामले पर पटना के दिनकर गोलंबर पर छात्रों ने प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान छात्र नेता सौरभ कुमार ने कहा कि इसमें पूरी तरीके से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जवाबदेही है। लेकिन उनकी ओर से कुछ नहीं किया जा रहा है। एनटीए ने जो ग्रेस मार्क्स दिये। वह कहीं से भी उचित नहीं थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि यह मार्क्स देने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर एनटीए की ओर से उसे हटाया गया। पेपर लीक का सबूत ईओयू पटना पुलिस के पास है। इससे यह साबित होता है कि एक दिन पहले ही अभ्यर्थियों के पास प्रश्न पत्र आ गए थे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा मंत्री भी कुछ नहीं कर रहे हैं। वे लोग सिर्फ सरकार बनाने में लगे हैं। आज सिर्फ पुतला दहन किया है।

## गंगा दशहरा को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



एजेंसी

**भागलपुर** : गंगा दशहरा को लेकर जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर रविवार के अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर सुलतानगंज के अजगैवीनाथ धाम स्थित उत्तरवाहिनी गंगा घाट में बिहार और झारखंड के हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आज के दिन मां गंगा जन्मोत्सव है। विशेषकर महिलाएं आज के दिन गंगा स्नान कर मां गंगा को आम का फल, फूल और प्रसाद चढाते हुए गंगा में प्रवाहित करती हैं। ऐसा करने पर सुख शांति मिलती है और सारे कष्टों का निवारण होता है। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं के भीड़ को लेकर लिए गंगा घाट में नगर परिषद के द्वारा छोटी नाव और गंगा घाट की बेरिकेटिंग किया गया है। अंचल अधिकारी रवि कुमार के द्वारा गंगा घाट में एसडीआरएफ टीम में लगाया गया है। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन के द्वारा गंगा घाट से लेकर कच्ची कांवरिया पथ तक सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

## आज इब्राहिम अलैहि की सुन्नतों को किया जाए याद

एजेंसी

**भागलपुर** : देश के प्रसिद्ध खानकाह-ए-पीर शाह के 15वें सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन ने कहा कि त्याग और बलिदान का त्योहार बकरीद 17 जून को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और खुदा की राह जानवरों की कुबार्नी कर सैयदना इब्राहिम अलैहि सलाह की सुन्नतों को याद किया जाएगा। बकरीद का त्योहार बहुत अजमत और लोगों की भलाई का संदेश देता है। सज्जादानशीं ने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि बकरीद के दिन सुबह-सवेरे उठकर अपने मोहल्ले की मस्जिदों में फजर की नमाज अदा करें। ईदगाह या मस्जिद जाने से पहले गुसुल (स्नान) कर लें, अच्छा कपड़ा पहनें, खुशबु लगाएं और जिस्म की पाकी के साथ-साथ दिल और



जुबान को भी पाक और साफ रखें। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा की नमाज के लिए जाते समय अल्लाह की बढ़ाई और उसकी अजमत के कलेमात पढ़ते जाए और घर वापस आने पर जानवरों की कुबार्नी कर हजरत इब्राहिम अलैहि सलाह की सुन्नतों को याद किया जाए। शाह हसन ने अपने संदेश में कहा कि त्योहार के अवसर किसी दूसरे धर्म के मानने वालों की किसी प्रकार का कष्ट न हो इसका खास ध्यान रखा जाए क्योंकि बकरीद का त्योहार आपस में भाईचारा और एकता का पैगाम देता। त्योहार के अवसर पर नगर निगम प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइंस दिए गए हैं। उसका हर हालत में पालन होना चाहिए। कुबार्नी के बचे अवशेषों को इधर-उधर न फेंके बल्कि चिन्हित स्थानों पर ही इसे डम्प किया जाए। सज्जादानशीं शाह हसन ने बकरीद की पूर्व संध्या पर देश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि त्याग और बलिदान का त्योहार शांतिपूर्ण और सादगी से मनाएं और प्रेम का पैगाम दूसरों तक पहुंचाए।

## गली से साइकिल हटाने के विवाद में बच्चों की लड़ाई, महिला की पीट-पीटकर हत्या 5 घायल

एजेंसी

**मुंगेर** : मुंगेर में शनिवार देर बच्चों की लड़ाई में एक महिला की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। यह मामला मोहली पंचायत का है जहां गली से साइकिल हटाने को लेकर शुरू हुए विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मृतका की पहचान शेरपुर मोहल्ला निवासी बंटी सिंह की पत्नी पिंकी देवी (34) के रूप में हुई है। इस मारपीट में 5 लोग घायल भी हुए हैं जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात बंटी कुमार के बेटे गौरव कुमार (15) और संजीत यादव के बेटे टिंकू कुमार के बीच साइकिल को लेकर लड़ाई हुई। जिसके बाद टिंकू ने अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। सभी ने गौरव के घर में घुसकर



लाठी-डंडे और रॉड से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान गौरव की मां की मौत हो गई। सदर अस्पताल में बच्चे मां के शव से लिपट कर रोते रहे। दूसरी ओर दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग सदर अस्पताल पहुंचे जिसे देख घयलों के स्वजनों ने अस्पताल परिसर में ही उन लोगों की पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही वासुदेवपुर पुलिस अस्पताल पहुंची और 2 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## बिहार में मानसून 3-4 दिनों के लिए आगे बढ़ा, 20 जिलों में लू की स्थिति रहेगी



एजेंसी

**पटना** : बिहार में मानसून आने में अभी समय है। क्योंकि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र फिर कमजोर हो गया है लिहाजा मानसून 3-4 दिनों के लिए आगे बढ़ गया है। इससे पहले 2019 में भी मानसून लेट हुआ था। ऐसे में पटना समेत बिहार के करीब 20 जिलों में लू की स्थिति रहेगी।

मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 9 जिलों में लू को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, शेखपुरा, जमुई, सारण, सीवान और नवादा शामिल हैं। इसके अलावा राज्य के उत्तर-पश्चिम व उत्तर-मध्य एवं दक्षिण भाग के एक या 2 स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। बीते 24 घंटे में पटना समेत 16 जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा है। इनमें 8 जिलों का तापमान 45 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। 46 डिग्री तापमान के साथ बक्सर लगातार चौथे दिन भी सबसे गर्म रहा। जब तक पछुआ हवा कमजोर नहीं होगी और पुरवैया हवा नहीं चलेगी। तब तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

### खाना बनाते समय सिलेंडर लीकेज से लगी आग, 4 लोग झुलसे

**जमुई** : जमुई के थाना चौक क्षेत्र में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में लीक होने की वजह से अचानक आग लग गई। इसमें मासूम बच्ची सहित परिवार के चार लोग बुरी तरह झुलस गए। स्थानीय लोगों ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। झुलसे लोगों में मो शहनशाह खान उर्फ सद्दाम और उनकी बेटी नायरा खातून, चाची सायरा खातून व चचेरी बहन नासरीन प्रवीण शामिल हैं। मो शहनशाह उर्फ सद्दाम ने बताया कि वह लव कुश गैस एजेंसी में गैस पहुंचाने का काम करते है। उनके घर में शादी थी इस वजह से वह डेढ़ महीने से छुट्टी पर थे।

## पटना जू में नेत्रहीन दर्शकों के लिये ब्रेल साइनेज लगाने का काम शुरू

एजेंसी

**पटना** : पटना जू में नेत्रहीन दर्शकों को जल्द ही सौगात मिलने वाली है। यहां जानवरों के पिंजरे के सामने ब्रेल साइनेज लगाने का काम शुरू हो गया है। अभी इसकी शुरूआत हुलॉक गिब्बन के पिंजरे के बाहर से शुरू की गई है। इसमें सभी वन्य जीव जंतुओं की पूरी जानकारी ब्रेल लिपि में दर्ज की जाएगी। इससे नेत्रहीन व्यक्ति चिड़ियाघर का आनंद उठा सकेंगे। पटना जू के रेंज ऑफिसर आनंद कुमार ने कहा कि ब्रेल लिपि में साइनेज अभी तक सिर्फ हुलॉक गिब्बन के पिंजरे के बाहर लगाया गया है। बाकि पिंजरों में लगाने के लिए ये साइनेज बनकर आ गए हैं 15 दिनों के अंदर सभी जानवरों के पिंजरों के पास इसे लगा दिया जाएगा। ब्रेल साइनेज लगाने



के लिए हमलोगों ने प्रयोग किया था और इसके लिए हमें काफी प्रोत्साहन मिला। उन्होंने आगे कहा कि जू में आने वाले दर्शकों में नेत्रहीन लोग भी रहते थे और उन्हें काफी समस्या होती थी। वह देख नहीं पाते थे इस कारण उन्हें जानवरों की जानकारी नहीं मिल पाती थी। इसे देखते हुए ही जू में ब्रेल साइनेज लगाए गए हैं ताकि नेत्रहीन लोगों को भी जू भ्रमण में और आनंद आए और साथ ही उन्हें जानवरों के बारे में प्रयाप्त जानकारी भी मिल सके। इस ब्रेल साइनेज के जरिए संबंधित वन्य प्राणी का सारा विवरण दिया गया है। उसका नाम, उसका साइंटिफिक नेम, जानवर का आकार, उसकी लंबाई और वजन, भोजन, भौगोलिक विस्तार, जीवनकाल, प्रजनन और संरक्षण के साथ उसके विशेष गुणों के बारे में भी जानकारी दी गई है।

## बिहार के लोगों को और चार दिन झेलनी पड़ेगी उमस भरी गर्मी, 20 जून को मॉनसून एंट्री की संभव



एजेंसी

**पटना** : भीषण गर्मी झेल रहे बिहार के लोगों को अभी और चार दिन उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ेगी,क्योंकि मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार में मॉनसून के प्रवेश करने की आधिकारिक घोषणा 20 जून को की है।अगले दो-तीन दिनों तक दक्षिण बिहार के लोगों को भीषण गर्मी का कहर झेलना होगा लेकिन उत्तर बिहार में गर्मी से आंशिक तौर पर राहत मिलेगी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 20 जून को मॉनसून उत्तर-पूर्वी भाग से बिहार में प्रवेश करेगा। इसके एक दिन पहले यानी 19 जून की शाम से बादल छाये रहने की संभावना है। 20 जून से बिहार के अधिकतर हिस्सों में गरज, चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होगी। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि दो दिनों से शाम में चलने वाली तेज हवाओं में शीतलता से मॉनसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। सूबे में मॉनसून का प्रवेश किशनगंज और पूर्णिया के रास्ते होता है। यहां पिछले दो दिनों से मध्यम स्तर की बारिश हो रही है।

## एक्सिस बैंक से नकाबपोशों ने लूटा 18 लाख, 82 हजार रुपये

**पटना** : पटना के बिहटा में एक्सिस बैंक की शाखा से 17 लाख की लूट हुई है। इस दौरान ग्राहक गणेश चौधरी से 41 हजार और एक माइक्रो फाइनेंस कर्मी से करीब 1 लाख 45 हजार लूट लिए। इस तरह कुल 18 लाख 82 हजार की लूट हुई है।

यहां 4 नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने यह लूट की है। मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। सुबह करीब 11.41 बजे अपराधी बैंक में घुसे थे और सिर्फ 10 मिनट में लूट की बड़ी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। बिहटा-मनेर मुख्य मार्ग पर बिहटा थाने से 3 किलोमीटर दूरी




पर देवकुली गांव स्थित एक्सिस बैंक में यह लूट की घटना हुई है। हथियारों के बल पर बैंक के तिजोरी से 17 लाख व ग्राहक से 41 हजार और फाइनेंस कर्मी से 1 लाख 45 हजार लूट लिए। जानकारी के मुताबिक 2 अपराधी पहले बैंक के अंदर घुसे इसके बाद तीसरा आया। चौथा बाहर ही खड़ा था। अपराधी फोन पर लगातार किसी से बात कर रहे थे। घटना के बाद सभी बाइक से मनेर की ओर भाग निकले। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। इस दौरान पैसा जमा कराने के लिए बैंक पहुंचे ग्राहक गणेश चौधरी से भी 41 हजार रुपए लूट लिए गये। गणेश चौधरी ने कहा कि बैंक पैसा जमा कराने आया था। इस बीच कुछ अपराधी बैंक में घुसे। सबके हाथ में हथियार थे। मुझसे कहा कि पैसा दे दो नहीं तो गोली मार देंगे। जिसके बाद मैंने दे दिये। मेरे पास 41 हजार रुपए थे। वहीं सिटी एसपी पश्चिमी अभिनव धीमान ने भी इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि करीब 11.42 के आसपास 4 लोग बैंक में घुसे थे। बैंक मैनेजर और अंदर मौजूद सभी लोगों को बंधक बना लिया। कैशियर के पास से करीब 17 लाख रुपए लूट लिए।

## पटना मे पदस्थापित एएसपी की गाड़ी मोतिहारी में पलटी,ड्राइवर की मौत तीन घायल

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय उच्चपथ 28 ए पर बीती देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमे स्कार्पियो चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि तीन अन्य घायल बताये जा रहे है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित एएसपी शे.अलाउद्दीन बकरीद के अवसर पर अपने पैतृक गांव प.चंपारण के मरजदवा जा रहे थे ।एएसपी एक अन्य गाड़ी पर सवार थे ।जबकि उनका बॉड़ीगार्ड व स्कॉट के जवान एक स्कार्पियो पर सवार थे ।ज्योही स्कॉट कर रही स्कार्पियो सिंघिया गुमटी रेल



ओवरब्रिज पर पहुंची त्योही स्कार्पियो का चक्का ब्लास्ट कर गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल के रेलिग से टकराकर पलट गयी। जिससे ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि उस पर सवार तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गये ।जिन्हे बंजरिया थाना पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व विधायक ने लोजपा (रा) से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**पूर्णिया** : पूर्व विधायक शंकर सिंह अपनी पार्टी लोजपा(रामविलास) से काफी खफा हैं। नाराजगी इतनी ज्यादा की उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही ऐलान कर दिया कि वे रुपौली से विधानसभा का उपचुनाव लड़ेंगे। वे पूर्णिया के रुपौली विधानसभा से 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में एनडीए से टिकट न मिलने से नाराज थे। पार्टी से इस्तीफा देते हुए वे चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोकते हुए पूर्व विधायक चुनावी मैदान में उतर गए हैं। शंकर सिंह 20 जून को नॉमिनेशन करेंगे। निज निवास पर प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने खुद इसका ऐलान कर दिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि उपचुनाव लड़ने का मेरा फैसला अटल है। इसके बाद मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उपचुनाव लड़ने का फैसला लिया है। 20 जून को नॉमिनेशन होगा। रूपौली विधानसभा की जनता मेरे साथ है। मैंने दशकों तक रुपौली की जनता की सेवा की है। स्वजाति ही नहीं बल्कि हर जाति, वर्ग और समुदाय के लोगों के साथ उनके सुख और दुख में खड़ा रहा।

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व विधायक शंकर सिंह ने कहा कि उन्होंने दशकों तक लोजपा (रामविलास) में रहते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम किया। पार्टी का जब जो फैसला हुआ मजबूती से उस निर्णय के साथ खड़ा रहे। पार्टी ने 2005 में मुझे रूपौली विधानसभा से प्रत्याशी बनाया। तब न सिर्फ मैंने मजबूती से चुनाव लड़ा बल्कि चुनाव जीतने का काम किया। सरकार न बन पाने के कारण फिर से चुनाव हुआ। जबकि चुनाव जीतने के बाद कई प्रलोभन दिया गया। लेकिन मैं पार्टी के सिद्धांत पर रहकर उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व०रामविलास पासवान के विचारधारा के साथ खड़ा रहा। इसके बाद 2010, 2015 और 2020 में पार्टी ने चुनाव लड़ाया। सभी चुनाव में मैंने अच्छे मत प्राप्त किए। जीत हार का मामूली अंतर रहा। बता दें कि रुपौली से 5 बार की विधायक रहीं बीमा भारती के इस्तीफा बाद यह सीट खाली हो गई थी। बीमा भारती सीएम नीतीश कुमार की पार्टी छोड़कर राजद में चली गईं है। उन्होंने पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ा। हालांकि, इस चुनाव में उनकी जमानत तक जब्त हो गई थी। इधर, भारत निर्वाचन आयोग ने रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। 10 जुलाई को वहां मतदान होगा।

### परिवार बच्चों की पढ़ाई पर पूरी पूंजी लगाता है लेकिन बच्चे पटना में भटक रहे

**पटना** : बिहार की राजधानी पटना में अलग-अलग जिलों से स्टूडेंट्स आंखों में सपने लिए आते हैं। कोचिंग व कॉलेज और स्कूलों में पढ़ने वाले ये बच्चे हॉस्टल और रेंट पर रूम लेकर रहते हैं। सभी के घरों के हालात अलग-अलग होते हैं। परिवार बच्चों की पढ़ाई पूरी पूंजी लगाता है, लेकिन बच्चे पटना में भटक रहे हैं।

पिछले 5 महीनों में पटना में 9 स्टूडेंट्स की मौत हुई है। इनमें से 5 की मौत के पीछे कारण लव अफेयर रहा है। कुछ के पीछे एकतरफा प्यार तो कुछ के पीछे प्यार में रिजेक्शन की बात भी कही जा रही है। 2 स्टूडेंट्स ने तो सिर्फ इसलिए खुदकुशी कर ली थी क्योंकि जनरल कॉम्पिटिशन में उन्हें कम मार्क्स मिले थे।

# स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा

## ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया, हेड और स्टोयनिस का अर्धशतक






एजेंसी

**सेंट लूसिया :** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 35वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। स्कॉटलैंड की हार का फायदा इंग्लैंड को मिला। इंग्लैंड 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर गया। उसका रनरेट स्कॉटलैंड से ज्यादा रहा। स्कॉटलैंड ग्रुप बी में तीसरे नंबर पर रहा।

**ऑस्ट्रेलिया-स्कॉटलैंड मैच का स्कोरकार्ड**

**स्टोयनिस प्लेयर ऑफ द मैच**

ऑस्ट्रेलिया की ओर से पांचवें नंबर पर बैटिंग करने आए मार्कस स्टोयनिस ने 29 बॉल पर 59 रन की पारी खेली। स्टोयनिस और ट्रैविस हेड के बीच चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी हुई। स्टोयनिस को प्लेयर ऑफ मैच चुना गया।

**फाइटर ऑफ द मैच**

**स्कॉटलैंड** के तीसरे नंबर के बल्लेबाज ब्रैंडन मैकमुलेन ने अर्धशतकीय पारी खेली और टीम का स्कोर 180 तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 34 बॉल पर 60 रन बनाए। यह उनकी चौथी टी-20 इंटरनेशनल फिफ्टी रही। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली है।

**टर्निंग पॉइंट**

**ऑस्ट्रेलिया** की पारी के पांचवें ओवर में माइकल जोन्स ने ट्रैविस हेड का कैच ड्रॉप कर दिया। तब वे 17 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। यह कैच ड्रॉप उनकी टीम पर पड़ा, क्योंकि हेड ने इसके बाद मार्कस स्टोयनिस के साथ 80 रन की साझेदारी की। वहीं, 49 बॉल में 68 रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच बना दिया।

**स्कॉटलैंड की पारी : मैकमुलेन का चौथा टी-20 अर्धशतक**

**स्कॉटलैंड** की ओर से ब्रैंडन मैकमुलेन ने 60, कप्तान रिची बेरिंगटन ने नाबाद 42, जॉर्ज मुन्से ने 35 और मैथ्यू क्रॉस ने 18 रन बनाए। मैकमुलेन और मुन्से के बीच दूसरे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई।ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट झटके। एश्टन एगर, नाथन एलिस और एडम जम्पा को 1-1 विकेट मिला। स्कॉटलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। ओपनर माइकल जोन्स को एश्टन एगर ने क्लीन बोल्ड कर दिया। लेकिन यहां से टीम ने वापसी की और पावरप्ले में 54 रन बनाए।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी : हेड और स्टोयनिस का अर्धशतक**

**ऑस्ट्रेलिया** की ओर से ट्रैविस हेड और मार्कस स्टोयनिस ने अर्धशतक लगाया। हेड ने 65 और स्टोयनिस ने 59 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। टिम डेविड ने 14 बॉल पर नाबाद 24 रन बनाए। स्टोयनिस और हेड के बीच चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी हुई। स्कॉटलैंड की ओर से मार्क वॉट और सफयान शरीफ ने 2-2 विकेट झटके। ब्रैड व्हील को एक विकेट मिला। 181 रन का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में दो बड़े विकेट गंवा दिए। शुरूआती 6 ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने महज 36 रन बनाए और डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श का विकेट गंवाया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), डेविड वॉर्नर, ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोयनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (विकेट कीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस, एडम जम्पा और एश्टन एगर।

**स्कॉटलैंड :** रिची बेरिंगटन (कप्तान), जॉर्ज मुन्से, माइकल जोन्स, ब्रैंडन मैकमुलेन, मैथ्यू क्रॉस (विकेट कीपर), माइकल लीस्क, क्रिस ग्रीव्स, मार्क वॉट, क्रिस्टोफर सोल, ब्रैड व्हील और सफयान शरीफ।

### एक झलक

#### ऐसी जगह क्यों रखे मैच, जहां मैदान को ढंकने की सुविधा नहीं

**नयी दिल्ली :** आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर 8 में टीम इंडिया की जगह पक्की हो गई है। आखिरी लीग मैच में टीम इंडिया को कनाडा के साथ खेलना था लेकिन मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इंडिया टीम लगातार चौथी जीत हासिल करना चाहती थी लेकिन मुकाबला बिना खेले ही रद्द हो गया। भारत और कनाडा के बीच मैच बारिश की वजह से रद्द किए जाने पर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने आईसीसी पर अपना गुस्सा निकाला। आईसीसी टी20 विश्व कप में बारिश की वजह से कई मैच खराब हुए हैं। इंडिया टीम को ग्रुप ए में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान, मेजबान अमेरिका, आयरलैंड और कनाडा के साथ रखा गया है। इस ग्रुप पर बारिश की मार देखने को मिली। दो मुकाबले बारिश के कारण रद्द हो गए। एक पाकिस्तान की टीम ऐसी है जिसका कोई मैच बारिश की भेंट नहीं चढ़ा। अमेरिका और आयरलैंड का मुकाबला बारिश की वजह से नहीं हो सका। वहीं भारत और कनाडा का मुकाबला भी बारिश के कारण रद्द हो गया।

#### खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है पाक

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान की टीम के टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के चलते खिलाडियों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड गाज गिराने की तैयारी कर रहा है। बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने की सलाह दी है। सूत्रों ने कहा,ह्यह्य पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है।

#### किसी भी टीम को हरा सकती है हमारी टीम: आरोन जोन्स

**नयी दिल्ली :** अगर अमेरिकी टीम अपनी क्षमता के अनुसार क्रिकेट खेलती है तो वह दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकती है। यह कहना है अमेरिका के उप कप्तान आरोन जोन्स का। पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे अमेरिका ने ग्रुप ए में कनाडा को सात विकेट से और पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था। मीडिया से बातचीत के दौरान जोन्स ने कहा, निश्चित तौर पर हम सुपर 8 की चुनौती को लेकर उत्साहित हैं। पिछले दो सप्ताह में हमने दिखाया कि हम प्रतिस्पर्धा पेश कर सकते हैं और आईसीसी के कुछ पूर्णकालिक सदस्य देशों को हरा सकते हैं। सुपर 8 में अमेरिका का सामना दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और संभवत: इंग्लैंड से होगा और जोन्स ने कहा कि उनकी टीम इन बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो अधिकतर लोगों ने अमेरिकी क्रिकेट पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया। शायद पूरी दुनिया को इससे पहले पता ही नहीं था कि हमारे पास कितनी प्रतिभा है और हमारे खिलाड़ी कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

## इंग्लैंड से हार के बाद नामिबिया के स्टार क्रिकेटर विसे ने किया संन्यास का एलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में इंग्लैंड और नामीबिया के बीच शनिवार को एक अहम मुकाबला खेला गया जिसमें इंग्लैंड ने नामीबिया पर बारिश के कारण इस मैच में 41 रन से जीत हासिल कर ली। इसके साथ ही नामिबिया के मशहूर क्रिकेटर डेविड विसे ने संन्यास का ऐलान कर दिया। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में नामिबिया का यह आखिरी मैच था। टूर्नामेंट में सिर्फ एक मैच जीतकर नामिबिया पहले ही टूनार्मेंट से बाहर हो चुकी है। अपने आखिरी मैच में डेविड विसे ने 12 गेंदों में 27 रन बनाए। 225 की स्ट्राइकरेट से रन बना रहे विसे ने इस मैच में दो चौके और दो छक्के लगाए। इतना ही नहीं उन्होंने मैच में एक विकेट भी लिया। साल 2023 में डेविड विसे ने आईपीएल में सात साल बाद वापसी की थी। डेविड को आईपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस में खरीदा था।



2016 के बाद आईपीएल में वापसी करने वाले डेविड विसे इस टूर्नामेंट में खेलने वाले नामीबिया के पहले क्रिकेटर हैं। बता दें कि डेविड विसे नामीबिया से पहले दक्षिण अफ्रीका से भी क्रिकेट खेल चुके हैं1 उन्होंने 2013 से 2016 के बीच साउथ अफ्रीकी टीम से 6 वनडे मैच खेले थे।

## ट्रेंट बोल्ट के अंतिम मैच में पीएनजी को हराने उतरेगी न्यूजीलैंड




एजेंसी

**टरूबा :** पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है, लेकिन कीवि टीम ने शुरू में खराब प्रदर्शन किया, इससे टीम सुपर-8 में जगह नहीं बना सकी। न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मैच इसलिए महत्वपूर्ण बन गया है, क्योंकि उसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह टी20 विश्व कप में उनका आखिरी मैच होगा। इसके बाद केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम अपने इस तेज गेंदबाज को जीत से विदाई देना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और अगर उसकी टीम न्यूजीलैंड के सामने थोड़ा भी चुनौती पेश करती है, तब यह उसके लिए काफी मायने रखेगा।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स (विकेट कीपर), रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।

**पापुआ न्यू गिनी :** असदुल्ला वाला (कप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, सीजे अमिनी, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, कबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा (विकेट कीपर), लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ, टोनी उरा।

## 45 मेडल जीतनेवाली मनदीप पैरा ओलंपिक में भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर की रहने वाली और लखनऊ के डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में एमबीए की छात्रा मनदीप कौर पेरिस पैरा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मनदीप अब तक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर 45 मेडल हासिल कर चुकी हैं। मनदीप ने बताया कि जैसी प्रैक्टिस चल रही है उससे वह पेरिस में मेडल लाने की हकदार हैं। मेडल जीतने के बाद उन्हें इस बात का गर्व होगा कि वह अपने देश के लिए कुछ कर पाई। मनदीप एशियन गेम्स में एक बार और वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो बार खेलने के बाद पेरिस पैरा ओलंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। मनदीप ने बताया कि उनकी मां के बीमार होने के बाद पिता सब कुछ छोड़कर घर आ गए। भाई का एक्सीडेंट हो गया। बेटी क्या करेगी इस पर घर में चर्चा होती है। मनदीप का मन बैडमिंटन खेलने की ओर बढ़ा। उत्तराखंड में ही बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज ने उन्हें सिखाया और कुछ कर दिखाने का जुनून मन में आया। मनदीप ने बताया कि वह पेरिस पैरा ओलंपिक में भारत के लिए मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। अगर इसमें मेडल जीत गईं तो यह पल उनकी जिंदगी का सबसे ऐतिहासिक पल होगा। मनदीप बचपन से ही चलने फिरने में सक्षम नहीं थीं।

## सुपर 08 में पहुंचीं सात टीमें, आठवें स्थान के लिए भिड़ेंगी बांग्लादेश-नीदरलैंड

टी-20 वर्ल्ड कप

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज कर रहे हैं। सुपर 8 में टूर्नामेंट की सात टीम ने अपनी बना ली है। इनमें अमेरिका, भारत, अफगानिस्तान, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीम है। अब 8वें स्थान के लिए दो टीमों के बीच मुकाबला होना है। यह मुकाबला बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के बीच होगा। अब देखना है कि कौन सी टीम सुपर 8 में जगह बना पाती है। ग्रुप-डी से साउथ अफ्रीका ने सुपर 8 में जगह बना ली है। नेपाल के पास अब सुपर 8 में पहुंचने की कोई संभावना नहीं है1 ग्रुप-डी से बांग्लादेश के सुपर 8 में पहुंचने की ज्यादा उम्मीद है। नीदरलैंड्स के पास दो अंक है। वह अब भी चार अंक तक पहुंचकर सुपर 8 में जगह बना सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें श्रीलंका टीम को बड़े अंतर से हराना होगा। अगर वह श्रीलंका को हरा देते हैं तो उनकी किस्मत नेपाल के हाथों में होगी। नेपाल बांग्लादेश को हरा देता है तो नीदरलैंड्स की टीम सुपर 8 में क्वालीफाई कर जाएगी लेकिन बांग्लादेश नेपाल को हरा देता है तो वह सुपर 8 में पहुंच जाएंगे।






## सुपर-8 की तस्वीर साफ.....रोहित सेना को देना होगा विरोधियों को मात




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ग्रुप ए में टॉप रहने के साथ लीग स्टेज का अंत कर चुका है। भारत ने चार में से तीन मैच जीते जबकि कनाडा के खिलाफ आखिरी मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। इसके साथ सुपर-8 की तस्वीर भी साफ हो गई है। भारत ग्रुप-1 में होगा और उसके साथ ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का मैच होना तय है। वहीं ग्रुप-2 में द.अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। भारत के ग्रुप में चौथी टीम बांग्लादेश या नीदरलैंड्स में से एक होगी। यानी ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान वे दो टीमें हैं, जिससे रोहित सेना को सतर्क रहने की जरूरत है। इस ग्रुप से दो टीमें ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। अफगानिस्तान को कहीं से भी कमजोर नहीं आंका जा सकता जो न्यूजीलैंड को हराकर यहां तक पहुंचा है। इसके बाद टीम रोहित को अपने बेस्ट कॉम्बिनेशन के साथ ही उतरना होगा, वरना यहां विपक्षी टीमें खराब शुरूआत से टीम इंडिया को उबरने का मौका शायद ही दें। सुपर 8 में भारत के मैंच अफगानिस्तान के साथ 20 जून को बारबाडोस में, दूसरा मैच 22 जून को एंटीगुआ में पूल डी की दूसरे नंबर की टीम से जो की बाग्लादेश या नीदरलैंड हो सकती हैं तथा तीसरा मैच 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से सेंट लुसिया में खेला जाना हैं। सबसे पहले सुपर-8 में क्वालिफाई करने वाली साउथ अफ्रीकी टीम ग्रुप-2 में सबसे ऊपर है। इसके बाद दोनों मेजबान टीम यानी वेस्टइंडीज और अमेरिका का नंबर आता है। आखिरी पोजिशन पर इंग्लैंड ने क्वालिफाई किया। अगर मौसम बेइमान न होता तब अमेरिका की जगह पाकिस्तान सुपर-8 में पहुंच सकता था। साउथ अफ्रीका ग्रुप डी से क्वालीफाई की। ग्रुप सी से वेस्टइंडीज आगे आई। सुपर-8 के ग्रुप-1 में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया एकमात्र मजबूत टीम है।

## अब कोच को नहीं, पूरी टीम को बदलने का समय : वसीम अकरम



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टी20 विश्व कप के पहले दौर में शर्मनाक हार के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ट्रोल के निशाने पर है। बारिश के चलते यूएसए-आयरलैंड मैच रद्द होने से पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया। पाकिस्तान टीम को इस बार यूएसए ने हरा दिया। इसके बाद भारतीय टीम ने भी करीबी मैच में पाकिस्तान को पटखनी दे दी। पाकिस्तान ने एकमात्र जीत कनाडा के खिलाफ हासिल की। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने पाक क्रिकेटरों के खराब प्रदर्शन पर निशारा जाहिर की है। अकरम ने यूएसए के सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करने की खबर पर प्रतिक्रिया दी। जहां उन्होंने मोनांक पटेल की टीम को बधाई दी, वहीं अकरम ने पाकिस्तानी टीम को भी दो टूक संदेश दिया। अकरम ने कहा कि अमेरिका को बधाई, उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। अमेरिका ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई किया, वे वहां रहने के हकदार हैं। उन्होंने अपने ग्रुप मैच में पाकिस्तान को हराया। पाकिस्तान के लिए अब आगे की क्या योजना है, सवाल पर अकरम ने कहा कि दुबई के लिए ईके 601 (एयरप्लेन)। उसके बाद, हम देखते हैं कि क्या होता है।

## तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ड लेंगे टी-20 क्रिकेट से संन्यास




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आईसीसी टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ड ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। न्यू पापुआ गिनी के खिलाफ आखिरी लीग मैच के बाद वह इस फॉर्मेट को अलविदा कह देंगे। न्यूजीलैंड की टीम के लिए इस बार का आईसीसी टी20 विश्व कप बेहद निराशाजनक रहा। टूनार्मेंट के पहले मैच में अफगानिस्तान की टीम ने उसे हराकर जोरदार झटका दिया। इसके बाद मेजबान वेस्टइंडीज की टीम के खिलाफ भी कीवी टीम को हार का सामना करना पड़ा। दो लगातार हार के बाद न्यूजीलैंड ने युगांडा के साथ खेले गए मैच में जीत दर्ज की लेकिन यह सुपर 8 में पहुंचने के लिए काफी नही था। ग्रुप सी से अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज की टीम ने अगले दौर के लिए जगह पक्की की है। युगांडा के खिलाफ मिली जीत के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इस बात की घोषणा कर दी कि वह अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे हैं। न्यू पापुआ गिनी के खिलाफ इस टूर्नामेंट के लीग मैच के बाद वह इस फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे। आगे उन्होंने कहा- यकीनन हमें जैसी शुरूआत चाहिए थी वैसी इस टूर्नामेंट में नहीं मिल पाई। यह बात स्वीकार करना बहुत कठिन है लेकिन सच यही है कि हमारी टीम आगे टूर्नामेंट में नहीं जा रही। एक ही बात कहना है कि जब कभी भी आपको अपने देश की तरफ से खेलने का मौका मिलता है यह हमेशा गर्व का पल होता है। मैच के बाद बोल्ट ने कहा- मैं अपनी बात कहूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होने वाला है। मुझे इस वक्त यही कहना है।

## शाहिद अफरीदी का चयनकर्ताओं से सवाल... बाबर को कप्तान क्यों चुना



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 से पाकिस्तान क्रिकेट टीम बाहर हो गई है। इसके बाद पूरी टीम आलोचना झेल रही हैं। विश्व कप के पिछले सीजन में इंग्लैंड के साथ फाइनल खेलने वाली पाकिस्तानी टीम इसबार यूएसए से भी हार गयी। पाकिस्तान के बाहर होने से कप्तान बाबर आजम को काफी कुछ सुनाना पड़ रहा है, क्योंकि टूर्नामेंट में उनका बल्ला भी नहीं चला था। इस बीच पाक के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी का मानना है कि बाबर की कप्तानी पर सवाल जायज हैं, लेकिन वे पाकिस्तान के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कहा कि साथी क्रिकेट प्रेमियों को बाबर की कप्तानी की आलोचना करनी चाहिए लेकिन उनके जैसे लगातार खिलाड़ी पाकिस्तान क्रिकेट में दुर्लभ हैं। बाबर का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा रहा है। हां, यह सच है कि वह विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका है। अफरीदी का कहना है कि उन्हें हमेशा उम्मीद थी कि बाबर भारत सुपरस्टार विराट कोहली की तरह एक मैच विजेता बनेगा।

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विश्व कप से बाहर होने पर कहा...

## पाकिस्तान के पास टी-20 क्रिकेट खेलने की काबिलियत नहीं




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान टीम आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के पहले दौर से ही बाहर हो गई है। बाबर आजम की कप्तानी में टीम को ग्रुप मुकाबलों में मेजबान अमेरिका और भारत ने हराया। पिछली बार फाइनल में जगह बनाने वाली पाकिस्तान टीम की हार पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बयान दिया जिससे हड़कंप मच गया है। वॉन ने कहा कि बाबर आजम टी20 के लिए फिट नहीं हैं और वो शायद वेस्टइंडीज की टीम में भी जगह नहीं बना पाएं। माइकल वॉन ने कहा कि वह मौसम को दोष नहीं दे सकते हैं। पाकिस्तान को अमेरिका और भारत को हारना था। लेकिन ऐसा किया होता तो वो यकीनन सुपर 8 में पहुंचे। वॉन ने कहा इस समय तो वह पाकिस्तान को टी20 खेलने वाली टीम के तौर पर नहीं देख रहे हैं। भले ही पिछली बार टी20 विश्व कप फाइनल में टीम पहुंचने में कामयाब हुई थी लेकिन उसके बाद भी वह इस फॉर्मेट में टीम को सक्षम नहीं मानते। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि यह टीम अच्छी थी। पाकिस्तान को इस बार के आईसीसी टी20 विश्व कप में मेजबान अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में हार मिली। इसके बाद भारत से भी हार का सामना करना पड़ा। 120 रन का लक्ष्य भी बाबर बिग्रेड हासिल नहीं कर सकी। आयरलैंड के खिलाफ अमेरिका का मैच बारिश की नही हो सका और दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। इस मैच के नतीजे पर पाकिस्तान की उम्मीदें टिकी थी लेकिन मैच रद्द होते ही पाकिस्तान टी20 टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वॉन ने बाबर आजम के टी20 फॉर्मेट में खेलने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी टॉप टीम में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाते। वॉन बोले जितनी क्रिकेट मैंने पिछले कुछ महीनों में देखी है, मुझे नहीं लगता है कि पाकिस्तान के पास टी20 क्रिकेट खेलने की काबिलियत है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता है कि इस टीम के पास टी20 फॉर्मेट के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। बाबर बहुत ही शानदार खिलाड़ी है लेकिन क्या वो इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत या वेस्टइंडीज की भी टी20 टीम में जगह बनाने में कामयाब हो पायेंगे। इस पर मेरा जवाब होगा, नहीं।




प्रारंभिक मैच के दौरान गेंद को स्मैश करते हुए चीन के गोंग जियांग्यू (बाएं)।

## एक झलक

### देश का कोयला आयात अप्रैल में बढ़कर 2.61 करोड़ टन पहुंचा

**नई दिल्ली** : देश का कोयला आयात अप्रैल में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरूआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.74 करोड़ टन रहा। एक साल पहले समान महीने में यह आंकड़ा 1.51 करोड़ टन था। वहीं कोकिंग कोयले का आयात 47.7 लाख टन से बढ़कर 49.7 लाख टन पर पहुंच गया।

### सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे: महिंद्रा समूह

**नई दिल्ली** : भारत में बैटरी सेल उत्पादन के लिए महिंद्रा समूह एक वैश्विक कंपनी से हाथ ?मिलाने पर विचार कर रहा है। आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने को समूह ऐसा कर सकता है। महिंद्रा समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड (एमईएएल) की संभावित सूचीबद्धता के लिए 2030 की समयसीमा पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा ?कि एक क्षेत्र जिस पर हम अधिक बारीकी से गौर कर रहे हैं वह सेल विनिर्माण है और यह एक ऐसी चीज है जहां विभिन्न विचार हैं। अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए जरूरी है, तो हम सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे। हम एक वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार और संभावित रूप से निजी इक्विटी भागीदारों पर भी गौर करेंगे क्योंकि हम पूरी पूंजी नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस पहल को अमलीजामा पहना पाते हैं, तो देश में बेटरी सेल का स्थानीय उत्पादन शुरू हो सकेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या इसके लिए उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी, उन्होंने कहा कि हमारे लिए ऐसा करने का एकमात्र कारण स्वदेशीकरण करना है। इसलिए अगर हम उस रास्ते पर चलते हैं, तो यह भारत में ही होगा।

### वेदांता के शेयरों में 60 रुपये से अधिक उछाल की उम्मीद

**नयी दिल्ली** : जाने-माने उद्योगपति अनिल अग्रवाल की अगुआई वाली वेदांता के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। बीएसई पर अभी शेयर की कीमत 447.10 रुपये है। ब्रोकरेज इसमें 60 रुपये से अधिक के उछाल की उम्मीद जता रहे हैं। इस साल अब तक ये शेयर करीब 74 फीसदी का रिटर्न दे चुका है। सीधे रिटर्न के अलावा इसी साल मई में कंपनी ने हर शेयर पर 11 रुपये के डिविडेंड का भी ऐलान किया था।

# पांच कंपनियों का मार्केट कैप 85,582 करोड़ बढ़ा



**नयी दिल्ली (ईएमएस)** : पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 85,582.21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सबसे अधिक लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 84,704.81 करोड़ रुपये का नुकसान रहा। सप्ताह के दौरान एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 46,425.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6,74,877.25 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में एलआईसी ही रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,639.61 करोड़ रुपये बढ़कर 12,14,965.13 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 10,216.41 करोड़ रुपये जोड़े और उसका मूल्यांकन 19,98,957.88 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 9,192.35 करोड़ रुपये बढ़कर 7,49,845.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं भारती एयरटेल का पूंजीकरण 1,108.36 करोड़ रुपये बढ़कर 8,11,524.37 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के ?विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 22,885.02 करोड़ रुपये घटकर 5,82,522.41 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 22,052.24 करोड़ रुपये घटकर 13,86,433.05 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,600.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,18,030.37 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,179.27 करोड़ रुपये घटकर 7,77,795.90 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 9,987.78 करोड़ रुपये घटकर 5,38,216.34 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## आरबीआई को मिला 2024 का सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक का पुरस्कार




एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली** : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को लंदन (यूके) के प्रमुख प्रकाशन 'सेंट्रल बैंकिंग' ने 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया है।आरबीआई को सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक का यह पुरस्कार अपनी जोखिम संस्कृति और जागरुकता में सुधार के लिए दिया गया है। आरबीआई की ओर से यह पुरस्कार कार्यकारी निदेशक मनोरंजन मिश्रा ने प्राप्त किया है।

# बाजार में एक साल में मिल सकता है 14 फीसदी का रिटर्न




नई दिल्ली : एक रेटिंग एजेंसी का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार से निवेशकों को एक साल में 14 फीसदी तक का रिटर्न मिल सकता है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स इस दौरान 82,000 के पार जा सकता है। यह भारत का अब तक का सबसे लंबा और मजबूत तेजी वाला बाजार होगा। सेंसेक्स अभी 77,000 के करीब है। रे ?टिंग एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय शेयर बाजार लगातार नई ऊंचाईयां बना रहा है। अब यह देखना है कि बाजार को भौतिक रूप से ऊपर कैसे ले जाया जा सकता है। नई सरकार में नीतिगत बदलाव होने की संभावना है। इससे बाजार आश्चर्यचकित कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में यह दशक भारत का दशक रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के फिर से सत्ता में आने से बाजार को अनुमान है कि नीतिगत फैसले बरकरार रहेंगे। यह फैसले आने वाले पांच वर्षों में विकास और इक्विटी रिटर्न को प्रभावित करेंगे। हमारा मानना है कि सरकार नीति को बनाए रखने के लिए वृहद स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रख सकती है। रिपोर्ट के अनुसार सरकार की निरंतरता के साथ, बाजार संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद कर सकता है। बढ़ती जीडीपी वृद्धि के साथ मैक्रो स्थिरता को उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर प्रदर्शन को बढ़ाना चाहिए। रेटिंग एजेंसी ने इससे पहले 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर के अनुमान को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत कर दिया था। पिछले दशक में महत्वपूर्ण फैसलों में नीतिगत सुधार, महंगाई घटाने पर जोर, जीएसटी कानून, दिवालियापन कोड, रेरा और कॉरपोरेट की कम कर दरों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक सुधार और बुनियादी ढांचे शामिल हैं। मोदी 3.0 के सत्ता में आने से अगले पांच वर्षों में सकारात्मक संरचनात्मक बदलाव के रूप में और भी बहुत कुछ हो सकता है।

# बीते सप्ताह बिनौला को छोड़कर सभी तेल-तिलहन गिरावट पर बंद

## – मूंगफली तेल–तिलहन और कच्चे पामतेल के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे



**नई दिल्ली** : बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में बिनौला तेल में आई मामूली तेजी को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था हाफेड की ओर से सरसों बिक्री की पहल के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन कीमतों पर दबाव रहा और इनके दाम गिरावट के साथ बंद हुए। किसानों के पास सरसों का स्टॉक बचा हुआ है और वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बिकवाली नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की पेराई मिलों को सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सूरजमुखी, बिनौला आदि की पेराई करने में नुकसान हो रहा है क्योंकि पहले से बेपड़ता तेल-तिलहन की पेराई के बाद लागत बढ़ने की वजह से इनका खपना मुश्किल है। बाजार में सस्ते आयातित खाद्य तेल के दाम ने बाजार घारणा को खराब कर रखा है जिससे देशी तेल-तिलहनों का बुरा हाल है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 30 रुपये की गिरावट के साथ 5,920-5,980 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 50 रुपये घटकर 11,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,850-1,950 रुपये और 1,850-1,975 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,710-4,730 रुपये प्रति क्विंटल और 4,510-4,630 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर के दाम क्रमशः 25-25 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 10,325 रुपये तथा 10,140 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का भाव 8,850 रुपये प्रति क्विंटल पर अपरिवर्तित रहा।

# चीनी हो जायेगी महंगी बढ़ सकते हैं दाम

**नयी दिल्ली (ईएमएस)** : राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर कम से कम 42 रुपए प्रति किलोग्राम करने का आग्रह किया ताकि बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। एक ?रिपोर्ट से पता चला है कि सरकार 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2024-25 के आगामी सीजन के लिए चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने पर विचार कर रही है। अगर सरकार चीनी की एमएसपी में बढ़ोतरी करती है तो इसका असर खुदरा बाजार में देखने को मिलेगा। चीनी की प्रति किलो कीमत बढ़ सकती है। जानकारों का कहना है कि चीनी की कीमत प्रति किलो 3 से 4 रुपए बढ़ सकती है। न्यूनतम बिक्री मूल्य वर्ष 2019 से 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रखा गया है, जबकि सरकार ने हर साल गन्ना उत्पादकों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में वृद्धि की है। एनएफसीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा कि महासंघ ने खाद्य मंत्रालय के अधिकारियों को आंकड़े सौंपे हैं, जिसमें चीनी उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि दिखाई दे रही है, जिससे न्यूनतम विक्रय मूल्य को गन्ने के एफआरपी के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक हो गया है। यदि चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर 42 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया जाता है, तो चीनी उद्योग को लाभ हो सकता है।

## सुपरस्टार सिंगर 3 पर अविर्भव और पीहू की गजल



**सोनी** टेलीविजन पर एक भावपूर्ण संगीतमय शाम के लिए 'गजल नाइट' नामक एक विशेष एपिसोड लेकर आ रहा है। इस एपिसोड में, प्रतिभाशाली युवा प्रतियोगी गजल सम्राट 'पंकज उधास' को श्रद्धांजलि देते हुए अपने सिंगिंग टैलेंट का प्रदर्शन करेंगे। जहां नन्हें डायनामाइट्स की जादुई गायकी का आनंद लेंगे, बल्कि पंकज उधास के साथ काम करने के अपने अनुभवों से जुड़े किस्से भी साझा करेंगे। लेकिन 7 साल के अविर्भव एस और 8 साल की पीहू शर्मा की फिल्म 'नाम' के गाने 'चिट्ठी आई है' के जादुई परफॉर्मेंस से न केवल उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन मिला, बल्कि सुपर जज नेहा कक्कड़ भी भावुक हो गईं।

# डालमिया भारत फाउंडेशन ने गोराबली में पांच माइक्रो-इंटरप्राइजेस किये शुरू



**बोकारो** : भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने ग्रामीण समुदायों को अधिक आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक रूप से बढ़ने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने झारखंड स्थित उत्तरी गोराबली पंचायत के गोराबली गांव में पांच छोटे व्यवसायों (माइक्रो-इंटरप्राइजेस) की शुरूआत की है। इन नए व्यवसायों में चार किराना दुकानें और एक कॉस्मेटिक दुकान शामिल हैं। यह प्रयास डीबीएफ के ग्राम परिवर्तन प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जरुरी समर्थन और विकास पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन में सुधार करना है। समुदाय के विकास और आजीविका के स्थायी स्त्रोत स्थापित करने में माइक्रो-इंटरप्राइजेस प्रोग्राम्स बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये प्रोग्राम्स वित्तीय सहायता और व्यवसाय के विकास के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे लोगों को आत्मनिर्भर व्यवसाय शुरू करने और अपने क्षेत्र विशेष की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलती है। ग्राम परिवर्तन प्रोग्राम के तहत तमाम लाभार्थियों को खुद के माइक्रो-इंटरप्राइजेस स्थापित करने में मदद मिली। इतना ही नहीं, डीबीएफ टीम ने उन्हें बैंक्स से लोन दिलाने में भी मदद की, ताकि वे बिना किसी परेशानी के खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें या इसका विस्तार कर सकें। श्री बालेश्वर सिंह Rathore, स्थानीय समुदाय के सदस्य और अन्य डीबीएफ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उक्त पहल पर टिप्पणी करते हुए, श्री प्रिय रंजन, यूनिट हेड, बोकारो प्लांट, डीसीबीएल, ने कहा, ?डालमिया भारत में, हम जमीनी स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और स्थायी भविष्य के लिए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोराबली में इन माइक्रो-इंटरप्राइजेस की स्थापना करके, हमारा लक्ष्य रोजगार के अवसर उत्पन्न करना, स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में सुधार करना और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। एक व्यापक दृष्टिकोण के तहत हमारे ये प्रयास, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवन देते हुए, सभी के विकास, सामाजिक स्थिरता और समुदाय के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देते हैं। डीबीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्राम, ग्राम परिवर्तन प्रोजेक्ट का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद करके उनके जीवन के स्तर को बढ़ाना है।

## पेज एक के शेष

**घर-घर पहुंच रहीं सरकार की योजनाएं : चम्पाई सोरेन...**
वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

**बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता**
मुख्यमंत्री ने कहा, ?हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होंगी।

**पढ़ाई में पैसा नहीं बनेगा बाधा, बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से करेंगे मदद**
मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

**182 योजनाओं की मिली सौगात**
मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभुकों के बीच करीब 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपये की परिसम्पत्ति का वितरण किया एवं 182 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जहां 7000.759 लाख रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन सम्पन्न हुआ, वहीं 16709.805 लाख रूपए की लागत से 160 योजनाओं की आधारशिला रखी।
इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल हरि प्रसाद केसरी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

**गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी...**
देखते हुए जीटी जवाहर और अलोपी बाग से संगम की ओर वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था, लेकिन वहां पर भी भीषण जाम का नजारा देखने को मिला। गंगा दशहरा पर संगम समेत राम घाट पर गंगा आरती और अन्य धार्मिक आयोजन किये गये। रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के संगम तट पहुंचने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देर तक जारी रहा।

**अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी पहुंचे**
यहां संगम में पहुंचनेवाले स्थानीय, जनपद के अलावा बिहार, बंगाल, दक्षिण भारत, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे और दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भीषण गर्मी के बावजूद गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगा पुण्य लाभ कमाया है।
प्रयागराज, वाराणसी, हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। बड़ी संख्या में लोग रविवार तड़के ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। लोग सवेरे से ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे, जिसका सिलसिला देर सुबह तक जारी रहा।
गंगा दशहरा को देखते हुए उत्तर प्रदेश में विशेष प्रबंध किये गये थे। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गंगा दशहरा पर स्नान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये थे। उन्होंने सभी पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी और जिले के कप्तानों को शनिवार को इस सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किया कर ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी प्रबन्ध करने को कहा।
हर साल ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाता है। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए भागीरथ इसी दिन गंगा को धरती पर लेकर आये थे। तभी से गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूजा और इसमें आस्था की डुबकी लगाने की परम्परा चली आ रही है। गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान कर दान-पुण्य करना अत्यधिक शुभ माना जाता है।

**गंगा दशहरा पर भगवान महाकाल का विशेष शृंगार, शीश पर धारण करायी गयीं मां गंगा...**
श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। परम्परा के मुताबिक रविवार तड़के 04 बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजा कर हरिओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद भगवान महाकाल के मस्तक पर भांग, चंदन, केसर अर्पित की गयी। बाबा महाकाल को नवीन मुकुट, मुंड माला धारण करवाने के बाद फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया।
गंगा दशहरे की तिथि एवं रविवार के संयोग पर भस्म आरती में भगवान महाकाल का विशेष शृंगार किया गया। उनके शीश पर मां गंगा को अवतरित किया गया, साथ ही मोगरे की सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला अर्पित की, जिसे सभी श्रद्धालु देखते ही रह गये। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गयी। मान्यता है कि भस्म अर्पित करने के बाद भगवान निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के नारे लगाये, जिससे पूरा मंदिर गुंजायमान हो गया।

**ईवीएम फिर बना मुद्दा बहस शुरू...**
हैक किये जाने की थोड़ी सम्भवना भी बहुत ज्यादा है। उनका यह बयान स्थानीय संदर्भों में था, लेकिन यह सोशल मीडिया पर बहस का कारण बन गया है।
पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि यह सामान्य-सा कथन है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता है और यह गलत है। एलोन मस्क का विचार अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है, जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीनें बनाने के लिए नियमित कम्प्यूट प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। लेकिन, भारतीय ईवीएम कस्टम डिजाइन, सुरक्षित और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी इसमें कोई रास्ता नहीं है। फैक्टरी प्रोग्राम किये गये नियंत्रक, जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ठीक वैसे ही तैयार और निर्मित किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। हमें एलोन के लिए ट्यूटोरियल चलाने में खुशी होगी।
एक अन्य समाचार सामने आया है, जिसने ईवीएम पर सवाल खड़े करने की कोशिश की है। खबर महाराष्ट्र से है कि यहां मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोटों से जीतनेवाले शिवसेना के रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का फोन ईवीएम से जुड़ा था।
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एलोन मस्क का ट्वीट और उक्त खबर को साझा करते हुए कहा कि भारत में ईवीएम एक ?ब्लैक बॉक्स? है और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गम्भीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है।

**संसद परिसर में लगी महापुरुषों की प्रतिमाएं हटाने का मुद्दा उठायेगा इंडिया गठबंधन...**
सम्बन्धित एक समिति होती है, जो इन मामलों पर फैसले लेती है। अब कई सालों से इसका पुनर्गठन नहीं किया गया है। इसकी अनुपस्थिति में इन सभी मामलों पर फैसले कौन ले रहा है?
थरूर ने कहा कि कार्यपालिका को ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। आदर्श रूप से नये सदन और समिति को इस प्रस्ताव पर चर्चा करनी चाहिए थी और फैसला लेना चाहिए था। केन्द्र सरकार ने यह कदम उठा कर संसद के विशेषाधिकारों का हनन किया है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि आप सही कह रहे हैं। जब संसद दोबारा शुरू होगी, तो 'इंडिया गठबंधन' को इस मुद्दे को उठाने पर विचार करना चाहिए और वह ऐसा करेगा भी। यहां तक कि केन्द्र सरकार के एनडीए गठबंधन के भी कई सांसदों ने उनसे इस बारे में बात की है।
रमेश ने पीएम मोदी की जी7 शिखर सम्मेलन में उपस्थिति को लेकर पोस्ट में लिखा- इटली में जी7 में अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात और वेटिकन सिटी को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि केवल भारत के एक तिहाई प्रधानमंत्री ही यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन को सम्बोधित किया और उनके उदास और हताश समर्थक दिखा रहे हैं कि वह आकर्षण के केन्द्रबिन्दु थे।

**जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के सफाये में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी सरकार : शाह...**
इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया।
केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को भारत सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।
केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्त्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने जम्मू और कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान के साथ लोकसभा चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जम्मू और कश्मीर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की सराहना की।
बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, खुफिया सूचना ब्यूरो, सेनाध्यक्ष (नामित) लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**अमिताभ ने फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन पर विशेष कवर व पांच रुपये का टिकट जारी करने पर जतायी खुशी...**
लिए हमारी फिल्म विरासत को संरक्षित करने के लिए एक अटूट जुनून और प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर कार्यरत है, जिसने पिछले दस वर्षों में हमारी लुप्त हो रही फिल्म विरासत को बचाया है, पुनर्स्थापित और प्रदर्शित किया है।
उल्लेखनीय है कि दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर मूल के शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर की संस्था फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन नित नये आयाम छू रही है। भारतीय डाक विभाग ने वी.टी., मुंबई में जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) की खूबसूरत हेरिटेज बिल्डिंग में आयोजित एक समारोह में फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के उल्लेखनीय कार्यों को समर्पित एक विशेष डाक कवर और कैंसिलेशन टिकट जारी किया है।
इस विशेष समारोह में प्रख्यात कवि, लेखक, गीतकार और फिल्म निमार्था गुलजार और प्रसिद्ध निर्देशक श्याम बेनेगल के साथ महाराष्ट्र के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल किशन कुमार शर्मा और मुंबई के पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये। समारोह में कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

